दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

अमन लेखनी

सुपरस्टार पापा के फ्लॉप बेटे साबित हुए महाअक्षय...

18 साल पहले की थी शादी , अब ले रहे तलाक.....

वर्ष : 09 | अंक : 238 | लखनऊ, 01 अगस्त, मंगलवार 2023 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2.00 रुपए

मौसम

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 27.c

बाजार

सोना 6304/ g

चांदी 77.50/ g

सेंसेक्स 66,060.90

निफटी 19,564.50

ज्ञानव्यापी पर मुस्लिम समाज ऐतिहासिक गलती मानते हुए प्रस्ताव लाये : सीएम योगी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, सनातन धर्म को राष्ट्र धर्म बता चुके उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ज्ञानवापी मामले में बड़ा बयान देते हुए कहा है कि उसे मस्जिद कहने से विवाद होगा। उन्होंने कहा कि जिसके पास भी दृष्टि है वह देख सकता है कि वहां क्या था। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अगर वहां मंदिर नहीं है तो त्रिशूल कहां से आ गया। योगी ने एएनआई की स्मिता प्रकाश के साथ एक पॉडकास्ट में कहा कि मंदिर की दीवारें चीख चीख कर जो कह रही हैं उसे सुना जाना चाहिए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुझे लगता है कि मुस्लिम समाज की ओर से ही प्रस्ताव आना चाहिए कि जो ऐतिहासिक गलती हुई है उसे सुधारा जाये।



अदालत से आने वाला है निर्णय

हम आपको यह भी बता दें कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को ज्ञानवापी सर्वेक्षण मामले में सुनवाई के बाद अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया। अदालत तीन अगस्त को निर्णय सुनाएगी। तब तक एएसआई सर्वेक्षण पर लगी रोक बरकरार रहेगी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर की अदालत में बृहस्पतिवार को अपराह्न तीन बजकर 15 मिनट पर सुनवाई शुरू हुई। चूंकि मुख्य न्यायाधीश की अदालत में नियमित कार्य पूरा हो गया था, इसलिए न्यायमूर्ति दिवाकर ने दोनों पक्षों के वकीलों को बहस करने के लिए कहा। सुनवाई शुरू होने पर भारतीय पुरात्व विभाग (एएसआई) के अपर निदेशक ने अदालत को बताया कि एएसआई किसी हिस्से में खुदाई कराने नहीं जा रही है। वह मुख्य न्यायाधीश के सवाल का जवाब दे रहे थे। मुख्य न्यायाधीश ने पूछा कि आपका का उत्खनन (एक्सकेवेशन) से क्या आशय है? एएसआई के अधिकारी ने कहा कि काल निर्धारण और पुरातत्विक गतिविधियों से जुड़ी किसी गतिविधि को उत्खनन कहा जाता है, लेकिन हम स्मारक के किसी हिस्से की खुदाई (डिगिंग) करने नहीं जा रहे। मस्जिद कमेटी के वकील ने दलील दी कि वाद की पोषणीयता स्वयं उच्चतम न्यायालय में लंबित है और यदि उच्चतम न्यायालय बाद में इस निष्कर्ष पर पहुंचता है कि यह वाद पोषणीय नहीं है तो संपूर्ण कवायद बेकार जाएगी। इसलिए सर्वेक्षण उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद किया जाना चाहिए।

राजनीति पैसा कमाने का धंधा नहीं : नितिन गडकरी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि देश में एक भी व्यक्ति अगर यह कहे कि उसने कमीशन के रूप में एक पैसा भी लिया तो भाजपा नेता राजनीति से संन्यास ले लेंगे। उन्होंने कहा कि देश में ऐसा कोई नहीं मिलेगा जो कहे कि गडकरी को एक भी पैसा दिया गया है, राजनीति पैसा कमाने का धंधा नहीं है। गडकरी ने कहा कि वह अपना भाषण हिंदी, मराठी और अंग्रेजी में देते हैं और आज लोग यूट्यूब पर उनका भाषण सुनते हैं। अमेरिका में उनके भाषण सबसे ज्यादा लोग सुनते हैं और उससे वे यूट्यूब से हर महीने 3 लाख रुपए कमाते हैं।

हर जाति का वोट चाहिए

गडकरी ने कहा कि उन्हें खुलकर बोलने में कोई झिझक नहीं होती। उन्होंने बचपन में ही तय कर लिया था कि वह नौकरी नहीं करेंगे बल्कि नौकरी देने वाले बनेंगे। उनके माता-पिता ने उन्हें वकील बनने के लिए कहा लेकिन उन्होंने उनसे कहा कि वह नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनेंगे। बीजेपी नेता ने आगे कहा कि जाति, धर्म और भाषा से लोग महान नहीं बनते, लोग अपने कर्म और गुणों से महान बनते हैं। गडकरी ने कहा कि वह जाति की बात नहीं करते, वह नेता हैं, उन्हें हर जाति का वोट चाहिए। उन्होंने हमेशा कहा है कि जो भी जाति के बारे में बात करेगा उसे जोरदार लात मारी जाएगी।

सभी जाति के लोग मेरे भाई

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सभी जाति के लोग मेरे भाई हैं, मेरा परिवार हैं। मैं इस बात को समझता हूं। आज वह कोई बिजनेस नहीं करते हैं, लेकिन उन्होंने अब तक जो बिजनेस किया है, उसका टर्नओवर ढाई हजार करोड़ का है। उन्होंने जो बिजनेस शुरू किया है, उसमें उन्होंने 15,000 लोगों को नौकरी दी है और उनमें से 200 लोग भी उनकी जाति के नहीं हैं।

संक्षिप्त समाचार

करुणा भाव से कर्तव्य निभाना ही समाज के प्रति सच्ची सेवा है : मोहन भागवत

ठाणे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि करुणा भाव से कर्तव्य निभाना ही समाज के प्रति सच्ची सेवा है। भागवत ने यहां धर्मवीर आनंद दिघे कैंसर अस्पताल और एक मंदिर परिसर की आधारशिला रखने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। संघ प्रमुख ने कहा, दुख दूर करने की भावना के साथ और बिना किसी स्वार्थ एवं अहंकार के मानव जाति की सेवा करना दूसरों के प्रति अपने कर्तव्य को समझना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य रोटी, कपड़ा और मकानह्न की तरह समान रूप से महत्वपूर्ण है, लेकिन सुविधाएं अपर्याप्त हैं और सस्ती तथा सुलभ स्वास्थ्य संरचना समय की मांग है। भागवत ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रस्तावित कैंसर अस्पताल से समाज को लाभ होगा क्योंकि यह दुख और कठिनाइयों को दूर करने की वास्तविक भावनाओं के साथ शुरू किया जा रहा है।

अवैध मिनी गन फैक्टरी का भंडाफोड़, 20 पिस्तौल और 40 मैग्जीन बरामद

पटना/खगड़िया। बिहार के खगड़िया जिले में विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने जिला पुलिस के सहयोग से एक अवैध मिनी गन फैक्टरी का भंडाफोड़ करते हुए 20 पिस्तौल और 40 मैग्जीन सहित अन्य हथियार बरामद किए हैं। पटना स्थित राज्य पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक, एसटीएफ ने खगड़िया जिले के मानसी थाना क्षेत्र के फांगो गांव में अवैध मिनी गन फैक्टरी का भंडाफोड़ करते हुए एक हथियार तस्कर को कई अवैध हथियारों और हथियार बनाने वाले उपकरणों के साथ रविवार को गिरफ्तार किया। खगड़िया पुलिस ने बताया कि छापेमारी के दौरान 18 पिस्तौल, 40 मैग्जीन, दो देशी पिस्तौल, एक ग्राइंडर मशीन, एक वेल्डिंग मशीन और हथियार बनाने वाले अन्य उपकरण बरामद किए गए। जिला पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार हथियार तस्कर का नाम मोहम्मद तनवीर है और वह मुंगेर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरदह गांव का रहने वाला है।

मुस्लिम समुदाय के दो पक्षों में मारपीट को लेकर मामला दर्ज

नोएडा। जिले के कस्बा दादरी में मोहर्रम के दिन ताजिया निकालने को लेकर मुस्लिम समुदाय के दो पक्षों में हुई मारपीट की घटना के सिलसिले में पुलिस ने मामला दर्ज किया है तथा आरोपियों की तलाश की जा रही है। थाना दादरी के प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने सोमवार को बताया कि उपनिरीक्षक सत्येंद्र कुमार शर्मा ने बीती रात थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 29 जुलाई को मोहर्रम पर वह मेवो की चौपाल वाले अखाड़े के जुलूस की सुरक्षा में पुलिस बल के साथ ड्यूटी पर थे। उपाध्याय के अनुसार, रिपोर्ट में कहा गया है कि मेवो की चौपाल वाला जुलूससमीर भाटी वाली गली से हो कर जीटी रोड दादरी पर आया तभी दो पक्षों में विवाद हो गया।

बौद्धिक विरासत परियोजनाओं के प्रथम चरण की पुस्तकों का हुआ विमोचन

राष्ट्र की प्रगति में होगा सहायक

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की बैद्धिक विरासत पहल के अंतर्गत, श्री धर्मेंद्र प्रधान, माननीय केंद्रीय शिक्षा एवं कैशल विकास और उद्यमिता मंत्री ने राष्ट्रीय पुस्तक न्यास भारत द्वारा प्रकाशित पांच पुस्तकों के संग्रह का अनावरण आज दिनांक ३० जुलाई २०२३ को अखिल भारतीय शिक्षा संगमम २०२३ (प्रगति मैदान, नई दिल्ली) के मंच से किया। शिक्षा राज्य मंत्री, डॉ. सुभाष सरकार और श्री के. संजय मूर्ति, सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार भी मंचासीन थे। इस अवसर पर शोध संस्थानों के प्रमुख - प्रोफेसर अभय करंदीकर निदेशक- आईआईटी कानपुर, प्रोफेसर बद्री नारायण निदेशक- जीबी पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान, श्री वेदमणि तिवारी सीईओ - राष्ट्रीय कौशल विकास निगम, प्रोफेसर वी. कामकोटि निदेशक- आईआईटी मद्रास और श्री युवराज मलिक निदेशक- राष्ट्रीय पुस्कत न्यास भारत भी उपस्थित थे। श्रंखला की पहली पुस्तक बियॉन्ड बाउंड्रीज: ए स्टडी ऑफ सोशल इम्पैक्ट ऑफ मन की बात गोविंद बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान द्वारा किए गए शोध पर आधारित है, जो माननीय प्रधानमंत्री के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का आम जनमानस पर प्रभाव (विशेषतः सामाजिक चेतना, मौलिक कर्तव्य, महिला सशक्तिकरण, भारत की विदेश नीति) का विश्लेषण करती है।

मणिपुर मुद्दे पर सिर्फ घड़ियाली आंसू बहा रहा विपक्ष : निर्मला सीतारमण

यह संवेदनशील विषय

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। संसद के मानसून सत्र में मणिपुर मुद्दे को लेकर गतिरोध जारी है। विपक्ष दल लगातार मणिपुर पर पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। वहीं, सरकार का भी दावा है कि वह चर्चा को तैयार है। बावजूद इसके मामला शांत होता दिखाई नहीं दे रहा है। राज्यसभा में सोमवार को मणिपुर के मुद्दे पर सूचीबद्ध अल्पकालिक चर्चा शुरू नहीं हो सकी। इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सदन में बयान की मांग को लेकर विपक्ष का हंगामा और नारेबाजी जारी रही। वहीं, लोकसभा में भी मणिपुर के मुद्दे पर पिछले कुछ दिनों की तरह गतिरोध बरकरार रहा।

निर्मला सीतारमण का बड़ा बयान

विपक्षी दलों के हंगामे के बीच केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने विपक्ष के रवैये को लेकर उनपर निशाना भी साधा है। निर्मला सीतारमण ने कहा कि विपक्ष मणिपुर मुद्दे पर चर्चा में हिस्सा नहीं लेना चाहता। आज जब यह मुद्दा संसद में उठा तो विपक्ष चर्चा से भाग गया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के व्यवहार से दुखी हूं। मणिपुर उनके (विपक्ष) के लिए सिर्फ एक राजनीतिक मुद्दा है। सीतारमण ने कहा कि आज यह साबित हो गया कि वे मणिपुर मुद्दे पर सिर्फ घड़ियाली आंसू बहा रहे थे। यदि उन्हें वास्तव में परवाह होती, तो उन्होंने इस पर चर्चा की होती। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि सरकार के लिए यह संवेदनशील विषय है और गृह मंत्री अमित शाह वहां खुद होकर आए हैं।

विपक्ष का दावा

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि 68 सांसदों ने मणिपुर पर चर्चा के लिए नोटिस दिया था लेकिन सरकार इससे भाग रही है। वे (सरकार) चाहते हैं कि चर्चा आधा या एक घंटे से कम हो और उस दौरान भी विपक्ष के लोग न बोले। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को सदन में आना होगा और इस मुद्दे पर बोलना होगा। सदन में मणिपुर पर चर्चा पर आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि सरकार मणिपुर पर चर्चा नहीं चाहती। संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई को शुरू हुआ था, अगर पिछले 11 कार्य दिवसों में से एक दिन भी मणिपुर पर चर्चा होती तो बाकी दिनों में विधायी कार्य हो सकते थे।

सुरक्षित व सुगम सड़कों से राजस्थान की विकास गति को बल मिला: गहलोत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

राजस्थान, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को 2,422 करोड़ रुपये की लागत से 1,514 गांवों में बनने वाली सड़कों का शिलान्यास किया और कहा कि सुरक्षित व सुगम सड़क मार्ग से राजस्थान की विकास गति को बल मिला है। गहलोत ने मुख्यमंत्री निवास से 2,422 करोड़ रुपये की लागत से 1,514 राजस्व गांवों की नवीन डामर सड़कों के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। उन्होंने कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंस से जुड़े लोगों को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि हर गांव-ढाणी को मजबूत सड़कों से जोड़ने का संकल्प साकार हो रहा है। इससे प्रदेश की विकास गति और अधिक बढ़ने के साथ नए आयाम स्थापित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार दुर्घटना रहित सुरक्षित और सुगम सफर के लिए उच्च गुणवत्तापूर्ण सड़कों का जाल बिछा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचने वाले पर्यटकों के साथ ही पूरे देश में राजस्थान की मजबूत सड़कों की सराहना हो रही है।

गहलोत ने कहा कि किसी भी राज्य और गांवों के विकास में सड़कों की अहम भूमिका होती है। सार्वजनिक निर्माण और अन्य विभागों ने मिलकर इस दिशा में बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारा है। उन्होंने कहा कि आज राजस्थान मजबूत सड़क तंत्र में अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। इसमें निर्माणकर्ता ठेकेदारों की भी अहम भूमिका रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने एक लाख किलोमीटर से अधिक सड़कों का सुदृढ़ीकरण कराने का लक्ष्य रखा है जिनमें से अभी तक 65 हजार किलोमीटर सड़कों का सुदृढ़ीकरण हो चुका है।

उन्होंने कहा कि नगर निगम, नगर परिषद और नगरपालिकाओं में भी लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के माध्यम से सड़कें बनवा रहे हैं। गहलोत ने कहा कि महंगाई राहत शिविर में पात्र लोगों को 10 विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है जिनमें मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत 25 लाख रुपये तक की चिकित्सा सुविधा और इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना के तहत 500 रुपये में एक गैस सिलेंडर की आपूर्ति शामिल है। गहलोत ने कहा कि राजीव गांधी ग्रामीण और शहरी ओलम्पिक खेलों की शुरूआत पांच अगस्त से होगी। अभी तक 58 लाख से अधिक हर उम्र, हर वर्ग के खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है जो नया रिकॉर्ड है। उन्होंने आमजन से खेल मैदान में टीम भावना और स्वस्थ खेल प्रतिस्पर्धा के लिए आह्वान किया।

संरचनात्मक मरम्मत के लिए हर साल 600-700 स्मारकों को चिह्नित किया जाता है: सरकार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। सरकार ने सोमवार को लोकसभा को बताया कि हर साल क्षेत्रीय स्तर पर किए गए मूल्यांकन के आधार पर विशेष प्रकृति की संरचनात्मक मरम्मत के लिए लगभग 600-700 स्मारकों को चिह्नित किया जाता है। केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह बात कही। उन्होंने कहा, हर साल क्षेत्रीय स्तर पर किए गए मूल्यांकन के आधार पर विशेष प्रकृति की संरचनात्मक मरम्मत के लिए लगभग 600-700 स्मारकों को चिह्नित किया जाता है। कार्य वस्तुओं की उचित पहचान और निर्दिष्ट कार्यों को पूरा करने के लिए पर्याप्त धन उपलब्ध कराने के बाद एक संरक्षण कार्यक्रम तैयार किया जाता है। रेड्डी ने कहा कि यह एक वार्षिक प्रक्रिया है और इसमें अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों परियोजनाओं का ध्यान रखा जाता है।

दिल्ली से जुड़ा विधेयक लोकसभा की कार्यसूची में शामिल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, समूह-ए के अधिकारियों के स्थानांतरण एवं पदस्थापना के लिए एक प्राधिकार के गठन के लिहाज से लाये गये अध्यादेश की जगह लेने वाले विधेयक को लोकसभा में पेश करने के लिए सदन की मंगलवार की संशोधित कार्य सूची में शामिल किया गया है। लोकसभा की मंगलवार की संशोधित कार्यसूची के मुताबिक, गृह मंत्री अमित शाह सदन में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली क्षेत्र सरकार (संशोधन) विधेयक पेश करेंगे और गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय दिल्ली से जुड़े अध्यादेश के स्थान पर तत्काल इस विधेयक को लाने के कारणों को स्पष्ट करते हुए सदन में अपनी बात रखेंगे। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली क्षेत्र सरकार (संशोधन) विधेयक को मंजूरी दी थी। यह 19 मई को केंद्र द्वारा लाये गये अध्यादेश की जगह लेने के लिए पेश किया जाएगा।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली आम आदमी पार्टी ने अध्यादेश का कड़ा विरोध किया है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल भी इस अध्यादेश के विरुद्ध हैं। केंद्र सरकार द्वारा अध्यादेश 19 मई को लाया गया था। इससे एक सप्ताह पहले उच्चतम न्यायालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार को सेवा से जुड़े मामलों का नियंत्रण प्रदान कर दिया था हालांकि उसे पुलिस, सार्वजनिक व्यवस्था और भूमि से जुड़े विषय नहीं दिये गए। शीर्ष अदालत के 11 मई के फैसले से पहले दिल्ली सरकार के सभी अधिकारियों के स्थानांतरण और तैनाती उपराज्यपाल के कार्यकारी नियंत्रण में थे। इस अध्यादेश में कहा गया है कि राष्ट्रीय राजधानी लोक सेवा प्रधिकरण नाम का एक प्राधिकरण होगा, जो उसे प्रदान की गई शक्तियों का उपयोग करेगा और उसे सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन करेगा।

नौकरी के बदले जमीन मामले में लालू के परिवार की संपत्ति कुर्क करने पर राजद ने केंद्र पर साधा निशाना

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

पटना, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद, उनके परिवार एवं अन्य के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत कुछ संपत्तियां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कुर्क किये जाने के बाद केंद्र की आलोचना की और कहा कि ऐसी कार्रवाई विपक्षी गठबंधन इंडिया के रास्ते में बाधा खड़ी करने के लिए की गयी है। राजद सांसद और प्रवक्ता मनोज झा ने ईडी पर प्रसाद एवं उनके परिवार के खिलाफ जांच के बारे में मीडिया में कहानियां प्लांट करने का आरोप लगाया तथा दावा किया कि सरकार ने विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए ईडी के प्रमुख के कार्यकाल के विस्तार की मांग की थी। ईडी ने सोमवार को कहा कि उसने राजद प्रमुख लालू प्रसाद के परिवार-- उनकी पत्नी राबड़ी देवी एवं बेटी मीसा भारती और उनसे संबद्ध कंपनियों की छह करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की है।

उसने कहा कि रेलवे की नौकरियों के बदले में जमीन हासिल करने से संबंधित कथित घोटाले के सिलसिले में धनशोधन जांच के तहत यह कार्रवाई की गयी है। प्रवर्तन निदेशालय ने एक बयान में कहा कि पटना, गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) में छह अचल संपत्तियों तथा दक्षिण दिल्ली की न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में चार मंजिले बंगले (डी-1088) को कुर्क करने के लिए धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत अंतरिम आदेश जारी किया गया। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए झा ने कहा, हमने ऐसे व्यक्ति के बारे में 27 जुलाई को संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया था, जिन्हें ईडी प्रमुख के रूप में सेवा विस्तार दिया गया है। उन्होंने कहा, उच्चतम न्यायालय की फटकार के बाद उनके पास कोई विकल्प नहीं रह गया , इसलिए वे पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड की सरकारों को अस्थिर करेंगे। मीडिया में जो यह खबर प्रसारित हो रही है कि लालू प्रसाद के परिवार की छह करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गयी है, सही नहीं है। यह राजनीतिक हथकंडा है और सफल नहीं होगा। उन्होंने कहा, जब हमने ईडी में संबंधित व्यक्ति के बारे में प्रश्न उठाया था, तभी हमें पता चल गया था कि वे क्या करने जा रहे हैं। वे ऐसी कहानियां बनायेंगे जिसका मकसद इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस (इंडिया) को बाधित करना है। लेकिन आप ऐसा नहीं कर पायेंगे। विपक्ष ने ईडी प्रमुख के रूप में संजय कुमार का कार्यकाल बढ़ाने को लेकर शुक्रवार को केंद्र की आलोचना की थी और आरोप लगाया कि यह निहित राजनीतिक मकसद के साथ किया गया और इसका लक्ष्य इंडिया गठबंधन के नेताओं को निशाना बनाना है तथा झूठे मामलों से इस गठबंधन को कमजोर करना है।

Scanned by TapScanner

आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद मजदूर के शव के अन्तिम संस्कार पर अड़े परिजन

इंस्पेक्टर ने मौके पर पहुंचकर दो दिनो में आरोपियों की गिरफ्तारी का दिया आश्वासन तब जाकर अन्तिम संस्कार को राजी हुये परिजन, हल्का दारोगा को हटाये जाने की मांग

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।मृतक मजदूर परवेश का शव पोस्टमार्टम के बाद सोमवार की शाम नगराम के अचलीखेड़ा गांव स्थित घर पहुंचा तो आक्रोशित परिजन व रिश्तेदार आरोपियों के गिरफ्तारी समेत हल्का दारोगा को तत्काल हटाये जाने के बाद ही शव का अन्तिम संस्कार किये जाने पर अड़ गयें।जिसके बाद मौके पर मौजूद पुलिस फोर्स के हाथ-पांव फूल गये। जिसके बाद मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर हेमंत कुमार राघव ने आक्रोशित परिजनो को समझा बुझाकर शांत कराने के साथ ही दो दिनो के अंदर आरोपियों की गिरफ्तारी समेत हल्का दारोगा को हटाये जाने के लिये उच्चाधिकारियों को रिपोट भेजे जाने का आश्वासन दिया तब जाकर परिजनो का आक्रोश शांत हुआ ओर वो मृतक मजदूर के शव को अन्तिम संस्कार के लिये लेकर गयें।भारी पुलिस बल की मौजूदगी में परिजनो ने मजदूर के शव का अन्तिम संस्कार किया।मजदूर परवेश के पोस्टमार्टम में डाक्टरो ने गर्दन,पीठ समेत शरीर के अन्य हिस्सो में चोटो की पुष्टि की है।ज्ञात हो नगराम के अचलीखेड़ा गांव में 11जुलाई को अपनी ही डेढ बिस्वा जमीन बिक्री का पैसा? मगाने गये मजदूर परवेश की खरीददार सुधीर सिहं उर्फ टईया ने अपने पिता ओम प्रकाश,सर्वेश कुमार,शेरखान ने ईट से बुरी तरह पिटाई कर हत्या के इरादे से गर्दन पर पैर रखकर मरोड़ दिया था,मजदूर के मरणासन्न होने पर उसे सड़क किनारे फेककर आरोपी मौके से फरार हो गयें,सूचना के बाद मौके पर पहुंची पत्नी गीता देवी पति को गम्भीर हालत में इलाक के लिये निजी अस्पताल ले गयी थी,जहां इलाज के बाद डाक्टर ने हालत गम्भीर देख जबाब दे दिया था,आर्थिक तंगी के चलते पत्नी घर लाकर पति परवेश का इलाज करा रही थी,घटना के करीब पांच दिन होश आने पर मजदूर ने पत्नी को आपबीती बताई,जिसके बाद 23जुलाई को नगराम पुलिस से लिखित शिकायत कर पत्नी गीता ने आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की तो पुलिस शराब पीने के चलते गिरने से मजदूर के घायल होने का राग अलापने लगी थी ओर कार्यवाही की बजाय प्रार्थना पत्र को ठंडे बस्ते में डाल दिया था,जिसके बाद पीड़िता ने एसीपी व डीसीपी से गुहार लगायी लेकिन? सुनवाई नही हुयी तो रविवार को पीड़िता ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के आवास पर बने कार्यालय पहुंचकर लिखित शिकायत कर आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की, वहा मौजूद अधिकारियों ने नगराम पुलिस को तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपियों पर कार्यवाही के निर्देश दियें थे,जिसके बाद घायल पति परवेश को साथ लेकर पत्नी गीता नगराम थाने पहुंची,जहां अचानक से पति की हालत बिगड़ी तो सीएचसी मोहनलालगंज लेकर आयी जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया,घायल मजदूर के मौत की खबर नगराम पुलिस को लगी तो उसके हाथ पांव फूल गये जिसके बाद पुलिस ने आनन-फानन पत्नी से तहरीर लेकर चार आरोपियों के विरूद्ध गैर इरादन हत्या,एससी/एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज किया था।लेकिन मुकदमा दर्ज करने के 24घंटे से ज्यादा समय बीत जाने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार करने में नाकाम रही।

शव गांव पहुंचा तो पत्नी व बच्चे लिपटकर बिलख पड़े....

मृतक मजदूर परवेश का शव पोस्टमार्टम के बाद सोमवार को अचलीखेड़ा गांव स्थित घर पहुंचा तो पत्नी गीता समेत बेटी आराध्या,बेटा नवनीत,वैदी शव से लिपटकर बिलख पड़े,परिवार का करूणा क्रदंन देख मौके पर मौजूद रिश्तेदारो व ग्रामीणो की आंखे एक पल के लिये नम हो गयी।परवेश मजदूरी कर मिलने वाले पैसो से परिवार के लिये बमुश्किल दो जून की रोटी जुटा पाता था।लेकिन अब मजदूर की मौत से परिवार के आगे दो जून की रोटी जुटाने का सकंट आ गया है।

चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान सुरक्षा संस्कृति सप्ताह का किया उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार/रेहान खान

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार को नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो के सहयोग से विमानन सुरक्षा संस्कृति सप्ताह का उद्घाटन किया गया। सप्ताह भर चलने वाले इस उत्सव का उद्घाटन बीसीएएस के क्षेत्रीय निदेशक राकेश कुमार ने दीप जलाकर किया। उद्घाटन कार्यक्रम में एयरपोर्ट अधिकारियों के साथ ही एयरलाइंस के प्रतिनिधि, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और ग्राउंड हैंडलिंग सेवा प्रदाताओं के साथ ही अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में एयरपोर्ट प्रवक्ता ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा लखनऊ हवाई अड्डे की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि लखनऊ हवाई अड्डा नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो एयरलाइन और अन्य सुरक्षा दल जो हवाई अड्डे के संचालन करते हैं, उन सभी के दृढ़ समर्पण का सम्मान करता है। उन्होंने कहा कि यात्रियों की ही अधिक भावना और अथक प्रयास से लखनऊ हवाई अड्डे को उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों तक ले जाया जा सका है। उन्होंने कहा जैसे जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, लखनऊ हवाई अड्डे की सुरक्षा को प्राथमिकता देना जीवन की रक्षा करना और एक संपन्न विमानन प्रदर्शक को बढ़ावा देने का संकल्प अटल है। इस मौके पर प्रवक्ता ने बताया कि इस सप्ताह के दौरान हवाई अड्डा यात्रियों के लिए विभिन्न सुरक्षा जागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन करेगा। इसमें प्रतिबंधित वस्तुओं पर पर्चे वितरित करने के साथ ही यात्रियों के लिए क्विज और चित्र प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। साथ ही एयरपोर्ट टर्मिनल टू पर एयरलाइंस की ओर से नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

दिनदहाड़े लुटेरों ने महिला से की लूट, नगदी व जेवरात किए पार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सोमवार को ई रिक्सा पर सवार होकर वापस घर लौट रही महिला के साथ ई रिक्शा पर बैठे युवकों ने पायल,सोने के टप्स व नकदी लूटकर फरार हो गये। डरी सहमी महिला ने नवीपनाह चौराहे पर पहुच कर पुलिस को जानकारी दी। तब तक लुटेरे वंहा से फरार हो गए । पीड़ित महिला के अनुसार मलिहाबाद थाना क्षेत्र के कसमंडी खुर्द निवासी महिला गुड्डी अपने बीमार रिश्तेदार बरौना गांव निवासी सुरेश को अस्पताल देखने गई थी। वापस आते समय गुड्डी जब माल से ई रिक्सा पर बैठकर घर के लिये जा रही थी। जैसे ही वह नवीपनाह के करीब सुनसान जगह पर पहुंची तो रिक्से पर साथ बैठे तीन अज्ञात युवकों ने जबरन सोने के टप्स पायल व लगभग सात हजार रुपये छीन कर फरार हो गये।गुड्डी ने कहा कि डर के मारे मुझे कुछ सुझा नही तो नवीपनाह चौराहे पर आकर आप बीती बताई। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने घटनास्थल पर जाकर पड़ताल की तब तक लुटेरे फरार हो चुके थे।इस सम्बंध में थाना प्रभारी शमीम खां ने बताया कि महिला के साथ टप्पेबाजी की सूचना मिली है। तहरीर मिलने पर तत्काल कार्यवाही की जायेगी।

हीरालाल यादव की 28वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सरोजिनी नगर में बिजनौर स्थित युदनगर में हीरालाल यादव सेवा संस्थान के तत्वाधान में प्रखर समाजवादी नेता हीरालाल यादव की 28वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों ने हीरालाल यादव जी द्वारा समाज के लिए दिए गए योगदान को याद किया और उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भारी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने हीरालाल यादव जी की समाधि स्थल पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

सरोजनी नगर के बिजनौर रोड पर स्काई पब्लिक स्कूल प्रांगण में प्रखर समाजवादी विचारक हीरालाल यादव की समाधि स्थल पर आज सुबह से ही श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। क्षेत्र के कई दिग्गज हस्तियो ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर आयोजित प्रार्थना सभा में वृंदावन से पधारे डॉ० वृंदावनदास जी महाराज द्वारा श्रीमद् भागवत गीता पर व्याख्यान दिया गया। उन्होंने उपस्थित जनों को खुश रहने का मूल मंत्र दिया।हीरालाल यादव जी की 28वीं पुण्यतिथि पर हीरालाल यादव ग्रुप ऑफ कालेजेस की विभिन्न शाखाओं में आज के दिन को श्रद्धांजलि दिवस के रूप में मनाया गया। मौके पर समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं ने हीरालाल यादव जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके एवं दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। समाधि स्थल पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक श्याम किशोर यादव, हीरालाल ग्रुप आफ कॉलेजेस के चेयरमैन राम सिंह यादव, पूर्व विधायक अम्बरीश पुष्कर, डीके आनन्द, सहदेव सिंह, समाजवादी पार्टी के लखनऊ जिला अध्यक्ष जयसिंह जयन्त, पूर्व सदस्य उ०प्र० राज्य महिला आयोग अर्चना राठौर, पूर्व ब्लाक प्रमुख सरोजनी नगर राम गोपाल सिंह चौहान, पूर्व सभासद राधेलाल यादव, सदस्य जिला पंचायत जितेन्द्र कुमार गुड्डू , सदस्य जिला पंचायत कैप्टन यादव, प्रधान गुरू प्रसाद, पार्षद प्रमोद कुमार, प्रधान राजेन्द्र यादव, पूर्व ब्लॉक प्रमुख, काकोरी राम गोपाल यादव, हरिनाम सिंह, प्रतिभा पाण्डेय, पूनम श्रीवास्तव, सुनीता ए० कुमार, डॉ० संजीव कुमार, डॉ० चित्रा त्रिपाठी व क्षेत्र के सैकड़ो की संख्या में क्षेत्रीय सम्भ्रांत जनो ने उपस्थित होकर हीरालाल यादव जी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।हीरालाल यादव ग्रुप ऑफ कालेजेज की छात्राओं द्वारा भजन गायन प्रस्तुत किया गया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से जेसीबी मकैनिक की मौत

हादसा

अमन लेखनी समाचार

मृतक सुभाष कश्यप - फाइल फोटो

लखनऊ। काम पर से वापस घर लौट रहे बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सड़क हादसे की जानकारी ना होने के कारण युवक का शव रात के अंधेरे में सड़क के किनारे पड़ा रहा। सुबह परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।रात के अंधेरे का फायदा उठाकर तेज रफ्तार वाहन मौके से टक्कर मार कर भाग निकला। माल थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पारा भदराही मजरा गंगा खेड़ा निवासी सुभाष कश्यप (30) लखनऊ ट्रांसपोर्ट नगर में जेसीबी मैकेनिक का काम करता था, रोज की तरह सुभाष कश्यप रविवार शाम करीब 8 बजे काम पर से घर आने के लिए निकला था। तभी माल दुबग्गा रोड जनकापुर मोड़ के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार जेसीबी मैकेनिक की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी ना होने के कारण शव रात के अंधेरे में वहीं सड़क के किनारे पड़ा रहा।इसकी सूचना सुबह परिजनों को मिली परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। सोमवार को शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। देर शाम परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक के परिवार में पत्नी संगीता है।जिसका रो रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में माल थाना प्रभारी निरीक्षक शमीम खान ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आसपास के सीसीटीवी के माध्यम से वाहन की तलाश की जा रही है।

निगोहां पुलिस ने तीन वारंटियों को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।निगोहां पुलिस ने सोमवार को न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद फरार चल रहे तीन अभियुक्तो को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया।इंस्पेक्टर विनोद यादव ने बताया सोमवार को वारंटियों की धरपकड़ के लिये सब इंस्पेक्टर मुन्नालाल ने पुलिस टीम के साथ अभियान चलाकर राम शरन, राम बरन निवासी अहिनवार मजरा राती थाना निगोहां व सन्तलाल निवासी इमिलिहाखेड़ा थाना निगोहां को उनके घरो से गिरफ्तार किया।तीनो गिरफ्तार अभियुक्तो को न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया।

खुशी फॉउण्डेशन व मैक्स हॉस्पिटल के तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, 31 जुलाई ।गोमतीनगर स्थित विश्व संवाद केंद्र एवं इंदिरा नगर स्थित गुरुद्वारा पर खुशी फॉउण्डेशन व मैक्स हॉस्पिटल के तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जर्मन होम्योपैथिक क्लिनिक, गणेश मार्केट व्यापार मंडल एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ (भाजपा) ने विशेष योगदान दिया । इस अवसर पर चिकित्सकों ने कहा कि आज की भाग दौड़ भरी जिन्दगी और बदलती जीवन शैली के चलते कम उम्र में ही लोग कई तरह की बीमारियों के शिकार हो रहे हैं ।हृदय रोग व उच्च रक्तचाप की गिरफ्त में अब लोग 30 साल की उम्र में ही आने लगे हैं, इन्ही सब को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 100 से अधिक मरीजों को स्वास्थ्य सम्बंधित निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श के साथ ई सी जी एवं शुगर जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गयी।इस दौरान डॉ विनीता द्विवेदी (होम्योपैथिक स्त्री रोग विशेषज्ञ) ने आजकल की भाग दौड़ वाली जिन्दगी में स्वस्थ रहने के नुस्खे बताये एवं महिलाओं को तनाव मुक्त रहने का मूल मंत्र भी दिया। इसके अलावा मैक्स हॉस्पिटल से सुधांशु मिश्रा ने बताया कि आजकल की तनाव भरी जिंदगी और बदलती लाइफ स्टाइल को देखते हुए मैक्स हॉस्पिटल ने खुशी फॉउण्डेशन के साथ यह निःशुल्क शिविर आयोजित किया है । शिविर की सफलता को देखते हुए मैक्स हॉस्पिटल एवं खुशी फॉउण्डेशन द्वारा इस तरह के और भी शिविर आयोजित किये जाएंगे। वहीं जर्मन होम्योपैथिक क्लिनिक से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ ऐ के त्रिपाठी ने मरीजों को निःशुल्क होम्योपैथिक दवाएं वितरित कीं एवं उनको होमियोपैथी द्वारा जटिल से जटिल रोगों के उपचार के बारे में जागरूक भी किया। डॉक्टर यसनो की निदेशक ज्योति ने बताया कि खुशी फॉउण्डेशन के सहयोग से हर माह इस तरह के निःशुल्क शिविरों का आयोजन किया जाता है जिससे कि आमजन तक ज्यादा से ज्यादा उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच सकें और अब मैक्स हॉस्पिटल के सहयोग से इनमें और भी सुधार देखा जा सकेगा। खुशी फॉउण्डेशन की तरफ से ऋचा द्विवेदी (सदस्य- पूर्वी मंडल, चिकित्सा प्रकोष्ठ भाजपा) ने डॉक्टर यस/नो और मैक्स हॉस्पिटल को धन्यवाद ज्ञापित किया और उन्होंने दोनों ही संस्थानों की तरफ से भविष्य में इस तरह के और भी शिविर आयोजित करने की अपेक्षा की जिससे कि स्वस्थ उत्तर प्रदेश स्वस्थ भारत का सपना साकार हो सके। शिविर के दौरान खुशी फॉउण्डेशन के पदाधिकारियों के अलावा जर्मन होम्योपैथिक क्लिनिक, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ- लखनऊ, गणेश मार्केट लखनऊ व्यापार मंडल के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

स्व. तारा सिंह इंस्टीट्यूट आफ लर्निंग कोचिंग का विधायक राजेश्वर सिंह ने किया उद्घाटन

आर्थिक कमजोर हर वर्ग के छात्रों को दी जाएगी निःशुल्क कोचिंग

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र के लतीफ नगर कस्बे में स्थित कटियार मार्केट में हरौनी गाँव निवासी अतुल कुमार सिंह माखन द्वारा संचालित इस्टीट्यूट आफ लर्निंग कोचिंग का उद्घाटन सरोजनी नगर के भाजपा विधायक राजेश्वर सिंह ने अपनी माता तारा सिंह के नाम से किया। सरोजनी नगर विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने फीता काटकर मां तारा इंस्टीट्यूट आप लर्निंग कोचिंग का उद्घाटन किया। कोचिंग संचालक हरौनी गांव निवासी अतुल सिंह माखन व व्यवस्थापक आनंद वर्मा ने कहा कि इस कोचिंग के प्रेरणा श्रोत सरोजनीनगर विधायक राजेश्वर सिंह के अथक प्रयासों से क्षेत्र के युवाओं को अच्छी शिक्षा व सरकारी नौकरी की तैयारी के लिए बेहतर शिक्षा दी जायेगी। उन्होंने कहा यह कोचिंग सेंटर आर्थिक रूप से कमजोर हर वर्ग के छात्रों को निशुल्क शिक्षा देगा। विधायक राजेश्वर सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज माखन सिंह ने जिस तरह से क्षेत्र में शिक्षा की ज्योति को लेकर जो पहल शुरू की है वो बहुत आगे तक जायेगी और इससे क्षेत्र में युवाओं को अच्छी शिक्षा व बेहतर रोजगार के अवसर मिलेंगे। विधायक ने कहा कि यह कोचिंग आगे चलकर जब बेहतरीन तरीके से चलेगी तो मैं इस कोचिंग में घंटों बैठूंगा और युवाओं के लिए पंखा किताबे सभी उपलब्ध करवाऊंगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिव शंकर सिंह शंकरी, गंगाराम भारती, सुभाष पासी, विरेंद्र रावत, आशु शुक्ला सहित तमाम भाजपा नेता मौजूद रहे ।

कलाकार का सम्मान कला के प्रति उनके समर्पण, अनुशासन और प्रतिबद्धता का पर्याय है - डॉ. भरत शर्मा

अमन लेखनी समाचार

इन्दौर।कलाकार का सम्मान कला के प्रति उसके समर्पण अनुशासन और प्रतिबद्धता का पर्याय है ,उक्त उद्बोधन मुख्य अतिथि डॉ. भरत शर्मा (सदस्य - संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार) ने संस्था मशवरा द्वारा स्व. डॉ. प्रवीण शर्मा की स्मृति में इंदौर में आयोजित सम्मान समारोह में मध्य प्रदेश के वरिष्ठ गायक श्री दिलीप कवठेकर को लाइफटाइम अचीवमेंट मशवरा संगीत रत्न अवार्ड से सम्मानित करते हुए कही । उन्होंने कहा कि यह सम्मान पाना हर कलाकार के लिए प्रेरणा है की वे अपनी कला के प्रति शिद्दत से समर्पित रहे और मेहनत करते रहना है। भारतीय संस्कृति में कला का विशिष्ठ स्थान है और संगीत वैसे भी आत्मिक विचारों और उसकी अभिव्यक्ति का सशक्त साधन है ऐसी कला के प्रति समर्पण, अनुशासन और प्रेम का भाव संभवतः विश्व में सर्वोपरि है। सम्मान समारोह में इंदौर शहर के गायक, संगीतज्ञ, संगीतप्रेमी, संस्था मशवरा और संस्था अभिरुचि के सदस्य और शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के विशेष अतिथि विवेक गौड़, परविंदर भाटिया, पवन सिंहल, ऋतु केडिया और संगीत कलाकार मनीष शुक्ला, अनुभा खाड़ीलकर, गुंजन चौरसिया, असद खोकर, आशीष जैन, सुनवना ठाकुर, सतीश केसवानी, मीता क्षेत्रीय,संतोष- संगीता कुटे, विजय राव, अभिजीत गौर भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन व अतिथियों का स्वागत असिता शर्मा ने किया और संचालन और आभार प्रदर्शन डॉ. पिंकी श्रीवास्तव ने किया।

डिप्रेशन में आकर युवती ने फांसी के फंदे पर झूल कर लगाया मौत को गले

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। डिप्रेशन में आकर युवती ने घर के कमरे में छत के कुंडे से दुपट्टे के सहारे लटकता देख परिजनों ने तुरंत आनन-फानन में युवती को दुपट्टे के फंदे से उतारकर नजदीकी सीएचसी पहुंचाया।जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत ससपन मजरा रघुनाथ खेड़ा निवासी स्व दिलशेर की पुत्री सोफिया (19) ने सोमवार शाम करीब 8 बजे डिप्रेशन के चलते युवती ने घर के कमरे में छत के कुंडे से दुपट्टे के सहारे लटकता देख परिजनों ने तुरंत आनन-फानन में युवती को दुपट्टे के फंदे से नीचे उतारकर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार में माता जैनब भाई आरिफ, वारिस हैं। जिनका रो रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में उपनिरीक्षक अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

रोडवेज वर्कशॉप में सड़क सुरक्षा सेवानिवृत्त समारोह किया गया आयोजित

अमन लेखनी समाचार/रेहान खान

लखनऊ। सरोजनीनगर के नादरगंज अमौसी रोडवेज वर्कशॉप में सोमवार को सड़क सुरक्षा पखवारा के साथ ही चारबाग डिपो के नियमित बस चालक राम कुमार पांडेय का सेवानिवृत्त समारोह आयोजित किया गया। अब्दुल करीम की अध्यक्षता और क्षेत्रीय प्रतिनिधि रंजीत कुमार सुमन के संचालन में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी संविदा मोहम्मद नसीम रहे। जबकि क्षेत्रीय अध्यक्ष राकेश कुमार बाली विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम को प्रदेश मीडिया प्रभारी रजनीश मिश्रा ने संबोधित किया। जिसमें संगठन द्वारा संविदा कर्मचारियों के वेतन बढ़ोतरी, आउटसोर्सिंग एवं संविदा को नियमित कराने व मृतक आश्रित को नियमित कराने का आवाहन किया। साथ ही सरकार और निगम प्रबंधन से जल्द से जल्द नियमितीकरण का आदेश कराने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में लखनऊ क्षेत्र की सभी शाखाओं के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने आज सेवानिवृत्त हुए आरके पांडेय को पुष्प माला पहनाकर विदाई दी। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी संविदा मोहम्मद नसीम ने सभी चालकों को सड़क सुरक्षा पखवारा से संबंधित जानकारियां देने के साथ ही उन्हें सावधानीपूर्वक वाहनों को संचालित करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रतिनिधि उमेश चंद यादव, उपाध्यक्ष सुनील कुमार यादव, संतोष कनौजिया, राजमणि, रामचंद्र, अब्दुल कुद्दूस, सर्वेश यादव, शिवजी पांडेय, गणेश दत्त पांडेय और सीनियर फोरमैन रामप्रीत व उमेश शुक्ला सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

Scanned by TapScanner

संक्षेप

घर में घुसकर युवक ने नगदी समेत पार कर दिया जेवरात

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। बच्चो को बहला फुसलाकर पड़ोसी युवक ने घर में घुसकर 3000 रुपिया की नगदी समेत सोने के जेवरात पार कर ले गया पीड़ित ग्रह स्वामी ने पुलिस को तहरीर दी पुलिस मामले की जांच पड़ताल की जा रही है कोतवाली क्षेत्र के मुरादपुर निवासी संजीव कुमार पुत्र रामदास ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वो अपने खेतो पर काम कर रहा था घर उसके दो बच्चे छोटे छोटे थे तभी गांव का ही सोनू पुत्र राम किशोर मुंह में कपड़ा बांधकर घुस गया जब बच्चो ने उसे टोका तो उसने कहा की हम तुमारे चाचा के दोस्त है और घर में रखी अलमारी से तीन हजार रुपिया नगद एक सोने का हार कान के झाले उठा ले गया पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ग्रामीणों की सूझबूझ से युवक की बची जान

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। खेतो में शौच गए युवक को जहरीले कीड़े ने डस लिया। जिसका परिजन पड़ोसी गांव में झाड़ फूक कराने लगे। हालत बिगड़ने पर ग्रामीणों के कहने पर परिजनो ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया।थाना क्षेत्र के ओसिया गांव निवासी कयूम पुत्र आसीन देर शाम खेतो में शौच के लिए गया था। जहां से वापस घर आया और उसने परिजनों को सर्प के काटने की बात बताई और इस बीच उसकी हालत बिगड़ने लगी। जिस पर परिजन उसे पड़ोसी गांव के ओझा के पास लेकर गए और झाड़फूंक कराने लगे। इस दौरान उसकी हालत बिगड़ते देख ग्रामीणों व समाजसेवी नान्हा सिंह ने उसे आनन फानन में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसकी हालत बिगड़ती देख उसे जिला अस्पताल भेज दिया। जहां सोमवार को उसे घर भेज दिया गया।

जहरीला कीड़ा के काटने से किशोर की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

मियागंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 11 वर्षीय किशोर को किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया परिजन उसे सी एच सी लेकर आए गंभीर हालत देखते डॉ ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया लेकिन किशोर ने रास्ते में ही दम तोड दिया किशोर की मौत से परिजनो में चीख पुकार मच गईकोतवाली हसनगंज क्षेत्र के बघवा कोला निवासी कमलेश के 11 वर्षीय पुत्र अजीत को किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया बच्चे की हालत खराब होता देख परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मियागंज में भर्ती कराया जहां पर मौजूद डॉ ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर जा रहे थे तभी उसने रास्ते में दम तोड दिया किशोर की मौत से परिजनो में चीख पुकार मच गई।

पर्यावरण प्रेमी ने स्कूली बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। उत्तर प्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर सेवारत और उन्नाव पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात अनूप मिश्रा अपूर्व ने आज 31 जुलाई को अपने जन्मदिवस को बहुत ही अनूठे ढंग से जूनियर हाई स्कूल हिन्दूखेड़ा ब्लॉक सिकंदर पुर सरोसी विद्यालय में बच्चों के साथ पर्यावरण संरक्षण दिवस के रूप में मनाया गया। अनूप मिश्रा अपूर्व और उनकी धर्मपत्नी रीना पाण्डेय दोनों उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा में सब इंस्पेक्टर के पद पर सेवारत हैं और वर्तमान में जनपद में पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात हैं

पर्यावरण प्रेमी वरिष्ठ उपनिरीक्षक अनूप मिश्रा अपूर्व ने नौनिहालों के बीच पौधे लगाकर अपना जन्मदिन मनाया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि यदि मानव जीवन को बनाए रखना है तो उसके लिए अधिक से अधिक पौधे लगाकर उसका श्रृंगार करना होगा।पर्यावरण प्रेमी ने स्कूल में पौधे लगाकर और बच्चों के बीच मिठाइयों का वितरण कर बच्चों को उपहार स्वरूप चिप्स , चॉकलेट , बिस्किट और फल आदि भेंट किए । उन्होंने कहा कि हमारा जीवन पूर्ण रूप से पौधों पर निर्भर करता है। इनसे फैली हरियाली हमारे तन मन को शांति प्रदान करती है। यह पर्यावरण को साफ व सुथरा बनाने में भी विशेष सहयोग प्रदान करते हैं।

वर्तमान में जैसे जैसे जनसंख्या बढ़ती जा रही है, वैसे-वैसे वनों का क्षेत्रफल कम होता जा रहा हैं, क्योंकि लोग अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए पेड़ों का अंधाधुंध कटाई कर रहे हैं। यदि मानव जीवन को बनाए रखना है तो उसके लिए अधिक से अधिक पौधे लगाकर उसका श्रृंगार करना होगा। इस अवसर पर स्कूल में बच्चों की ग्रीन ब्रिगेड का गठन किया जाएगा बच्चों के साथ विद्यालय प्रांगण में पांच पौधे रोपित किए गये। रोपित किए गए पौधों की देख रेख की जिम्मेदारी स्कूल के शिक्षकों और बच्चों को सौंपी गई ।

बाल चौपाल रंग तरंग कार्यशाला में पुलिस दंपत्ती द्वारा बच्चों को शिक्षाप्रद कहानियां सुनाई गईं , परीक्षा में अव्वल अंक प्राप्त करने के मूल मंत्र बताए गए । पर्यावरण संरक्षण के प्रति उन्हें जागरूक किया गया और पॉलीथीन बैग्स से होने वाले नुकसान के विषय में जानकारी दी गई । कपड़े या जूट से बने थैलों को उपयोग में लाने का संकल्प दिलाया गया । सहायक शिक्षक अंजू पाण्डेय ने पर्यावरण प्रेमी और उनकी पत्नी को सम्मानित किया गया । पुलिस दंपती ने स्कूल की रसोइया माता संता , गीता और शिक्षकों को सम्मानित किया । कार्यक्रम में सुरेश कन्नौजिया सहायक शिक्षक समेत काफी लोग मौजूद रहे।

श्रदालुओ ने लगाई गंगा में डुबकी

अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। श्रावणमास के चौथे सोमवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से लोग मिश्रा कालोनी घाट, गंगा विष्णुघाट, शिव बाबाघाट, पक्काघाट, कच्चा घाट, पुल के नीचे के घाट, बालूघाट, आनन्द घाट और जाजमऊ के चंदन आदि घाटों पर पहुंचे। जहां भक्तों ने गंगा स्नान किया। जिसके बाद गंगा जल लेकर शिवालय पहुंचे। इस दौरान भक्तों ने बाबा की विधि विधान से पूजा अर्चना की। वहीं बालूघाट स्थित गायत्री मंदिर और राजधानी मार्ग स्थित श्री दुर्गा मंदिर में बाबा को पुष्प, दूध, दही, शहद और नैवेद्य समर्पित कर सुख और समृद्धि की कामना की।

इसके अलावा गांधी नगर, चंपापुरवा, श्री नगर, गोपीनाथपुरम, नेहरू नगर, मिश्रा कॉलोनी, सीताराम कॉलोनी स्थित शिव मंदिरों में भी भक्तों की भीड़ रही। पूरे दिन शिवालय बम भोले के जयकारों से गूंजते रहे। वहीं देवारा कलां स्थित वीरभद्रेश्वर मंदिर में भी सुबह से शाम तक भक्त पूजा अर्चना करने के लिये पहुंचे। जहां भक्तों ने विधि विधान से बाबा की पूजा अर्चना की। इसके अलावा मंदिरों में सावन के सोमवार को देखते हुये रूद्राभिषेक कराया गया। जहां आचार्यों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराने के साथ ही दुग्धाभिषेक और जलाभिषेक कराया। जिसके बाद ठंडाई का प्रसाद वितरण किया गया।

भूमाफिया की 15 करोड़ 6 लाख 68 हजार 582 रुपिया की संपति की गई कुर्क

अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिये डीएम के निर्देश पर लगातार अभियान चलाकर भूमाफिया, गैंगस्टर और हिस्ट्रीशीटर पर कार्यवाही की जा रही है। उसी के तहत गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कन्हैया अवस्थी उपरोक्त व उसकी पत्नी दिव्या अवस्थी के खिलाफ पुलिस ने पूर्व में गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की थी। सीओ सदर आशुतोष कुमार ने बताया कि यह सभी संगठित गिरोह बनाकर कटरी पीपरखेड़ा व आसपास के गांव में सरकारी व किसानों की जमीनों पर कब्जा कर लेना तथा आपराधिक कृत्यों से अर्जित धन से क्रय की गई जमीन की बिक्री कर धोखाधड़ी कर अवैध तरीके से धन कमाने का कार्य की जाता है। स्थानीय लोगों द्वारा भी बताया गया कि कन्हैया अवस्थी उपरोक्त द्वारा आर्थिक व भौतिक लाभ हेतु अवैध तरीके से गैंग बनाकर गरीब किसानों की जमीन कब्जा कर उसको प्लाटिंग कर अवैध रूप से बेंचकर अपराध से आर्थिक लाभ प्राप्त कर रहा है अभियुक्त के विरुद्ध मारपीट, हत्या, घर में घुसकर धमकाने जैसे अभियोग पंजीकृत है। गिरोहबंद अधिनियम के तहत कन्हैया अवस्थी द्वारा आपराधिक कृत्यों से अर्जित अचल संपत्ति कीमत पंद्रह करोड, छह लाख, अरसठ हजार पांच सौ 82 रुपये संपत्ति की कुर्की की गयी। इस जमीन को किसी भी प्रकार से खरीदना और बेचना कानून अपराध होगा। गैंगस्टर एक्ट के अन्य जो मुल्जिम है उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

किशोर की ट्रेन की चपेट में आने से हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के कुल्हा व छोटी पाही गांव के बीच सोमवार सुबह मालगाड़ी की चपेट में आने से किशोर की मौत हो गई। रायबरेली उन्नाव रेलवे ट्रैक पर राहगीरों ने शव पड़ा देखा तो पहचान के बाद परिजनों को सूचना दी। बीघापुर स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बैजनाथखेड़ा गांव के रहने वाले कमलेश कुमार का 17 वर्षीय बेटा ओमकार सोमवार सुबह घर से निकला था। कुल्हा स्टेशन व छोटी पाही गांव के बीच मालगाड़ी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। रायबरेली उन्नाव रेलवे ट्रैक के पास से गुजर रहे राहगीरों ने शव पड़ा देख तो उसकी पहचान कर परिजनों को सूचना दी। परिजन आनन-फानन घटनास्थल पर पहुंच गए। दर्दनाक हादसा देख कर परिजनों का रो रो कर बेहाल हो उठे। बीघापुर स्टेशन मास्टर ने किशोर की मौत की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मृतक ओमकार दो भाइयों में छोटा व अविवाहित था। परिजनों के मुताबिक वह मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। इंस्पेक्टर ब्रजेश शुक्ल ने बताया कि स्टेशन मास्टर की सूचना पर दरोगा अरविंद त्रिपाठी को घटनास्थल पर भेजा है।

बिल्लेश्वर महादेव मंदिर में सुबह पूजित मिलता है शिवलिंग

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुरवा तहसील क्षेत्र में पुरवा मौरावां रोड पर तीन किमी दूरी पर स्थित महाभारतकालीन बिल्लेश्वर महादेव मंदिर शिव भक्तों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। अपनी स्थापत्यकला व द्वादश ज्योतिर्लिंग के प्रतिरूप विराजमान देवाधिदेव महादेव भक्तों की हर मनोकामना पूरी करते हैं।

उन्नाव-मौरावां मार्ग पर पुरवा कस्बे से एक किलोमीटर दूर स्थित बिल्लेश्वर महादेव मंदिर का इतिहास द्वापरकालीन है। बिल्लेश्वर महादेव मंदिर का इतिहास महाभारत से जुड़ा है। ऐसी मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं मिट्टी का शिवलिंग बनाकर यहां पर पूजन किया था। बताया जाता है कि महाभारत युद्ध शुरू होने से पूर्व भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन के साथ मौरध्वज की नगरी (जो अब मौरावां नाम से जानी जाती है) जा रहे थे। इस दौरान उन्होंने यहां पर रात्रि प्रवास किया था।

रात्रि प्रवास के दौरान प्यास लगने पर अर्जुन ने तीर मारकर जल का स्रोत बना दिया, जिससे उन्होंने प्यास बुझाई थी। जल बाहर न जा पाए इसके लिए धनुष रख दिया था। बिल्लेश्वर मंदिर के सामने धनुष के आकार का बना जलस्रोत आज उन्हीं घटनाओं का प्रमाण है। धनुष आकार का जलस्रोत आज भी विद्यमान है। यह जलस्रोत आज भी क्षेत्रवासियों के लिए आस्था का केंद्र है।

किदवंतियों के अनुसार, बिल्व पत्र की झाडियों में गाय द्वारा दूध गिराने पर बंजारों ने शिवलिंग खोजा था। विशेष बात यह है कि शिवलिंग की प्रथम पूजा का रहस्य आज तक कोई नहीं जान पाया। ऐसी मान्यता है कि अजर अमर अश्वत्थामा द्वारा शिवलिंग की प्रथम पूजा की जाती है। यही कारण है कि भक्तगण सुबह चार बजे के बाद ही मंदिर में दर्शन के लिए जाते हैं। मंदिर के पुजारी गोपाल गिरी व गुड्डू बाबा बताते हैं कि शिवलिंग सुबह पूजित मिलता है।

जलाभिषेक के लिए जुटती है भीड़

सावन माह में स्थानीय लोगों के अलावा आसपास के जनपदों से भक्त शिवलिंग का जलाभिषेक करने आते हैं। सावन के प्रत्येक सोमवार को मंदिर परिसर में भक्तों के लिए कतारबद्ध ढंग से उन्हें भोले के दर्शन कराने की व्यवस्था की जाती है। इस मौके पर भंडारे का भी आयोजन किया जाता है। इसके साथ ही पेयजल की भी व्यवस्था की जाती है। मंदिर की सफाई व्यवस्था का भी ध्यान रखा जाता है। पुलिस प्रशासन भी तैनात रहता है।

जनपद मुख्यालय से मंदिर की दूरी लगभग 35 किलोमीटर है। पुरवा तहसील मुख्यालय से पूर्व दिशा में तीन किमी दूर मंदिर है। एक ही चबूतरे पर मुख्य मंदिर के चारों ओर अर्धचंद्राकार रचना में एक दर्जन मंदिर बने हुए हैं। मुख्य मंदिर के सामने धनुषाकार सरोवर में कमल के पुष्पों की छटा बड़ी ही दर्शनीय रहती है।

सरोवर को पाप क्षयतकुंड कहा जाता है। जिसमे तीन तरफ पक्की सीढियां बनी हुई हैं। यहां आने वाले भक्त सरोवर में स्नान करना नहीं भूलते हैं। सरोवर के बीच में मंदिर व तीर आकार का एक पुल बना है।

ऑनलाइन गेम में प्रेम का देखने को मिला नया अवतार, झारखंड की लड़की अपने प्यार से मिलने पहुंची उन्नाव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पीयूपी जी गेम में प्यार का एक नया अवतार सामने आया है। बताया जा रहा है कि पी यू पी जी के दौरान झारखंड की एक लड़की को उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के एक लड़के से प्यार हो गया है। गेम खेलने के दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। धीरे-धीरे पहचान और फिर दोस्ती और आखिर में बात प्यार तक पहुंच गई।

लड़की ने अपने घर में नीरज से शादी की बात कही थी। लेकिन घरवाले नहीं माने जिसके बाद लड़की ने अपने प्रेमी के लिए घर छोड़ दिया आपको बता दें कि उन्नाव पहुंचकर लड़की की मुलाकात नीरज से हुई। लड़की का नाम संपत्ति और लड़के का नाम नीरज है. गेम के दौरान नीरज और उसकी की पहचान हुई थी। इस बारे में खुद नीरज कुमार ने विस्तार से जानकारी दी है। नीरज ने बताया कि वह ऑनलाइन गेम के साथ-साथ कई अन्य गेम भी खेलता है। ऑनलाइन गेम खेलने के दौरान वह झारखंड के बोकारो जिले के खुसरो गांव की रहने वाली संपति कुमारी के संपर्क में आया था। दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत होने लगी और 15 जुलाई को संपति कुमारी उससे मिलने के लिए कानपुर आ गई है। मुलाकात के बाद दोनों अपने-अपने घर चले गए। बी एड की पढ़ाई कर रही संपत्ति ने नीरज कुमार से शादी के संबंध में अपने माता-पिता से बात की है। उसने कहा है कि वह नीरज से प्यार करती है और वह उससे शादी करना चाहती हैं। संपत्ति के माता-पिता इस शादी से सहमत नहीं थे तो वो अपने प्रेमी के पास उन्नाव आ गई जी जनपद में चर्चा का विषय बना हुआ है।

दुष्कर्म के आरोपी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल भेज दिया नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को कई दिन बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दियो बारा सगवर पुलिस गश्त के दौरान कुम्भी ग्राम के पास पहुंची

जहां एक मुखबिर ने बताया कि नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त श्याम कुमार उर्फ श्याम पुत्र राम कुमार निवासी ग्राम बेहटा गोपी घूम रहा हैं मुखबिर की सूचना के अनुसार दुष्कर्म व पास्को एक्ट के अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

एक माह चलेगा मतदाता पुनरीक्षण अभियान

अमनलेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बीघापुर तहसील के उपजिलाधिकारी क्षितिज द्विवेदी ने बताया 21 जुलाई से 21 अगस्त 2023 तक मतदाता पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत बी. ल. ओ घर घर पहुँच कर आगामी विधानसभा चुनाव हेतु मतदाता सूची का पुनरीक्षण करेंगे। 1 जुलाई 2023 को 18 वर्ष पूरी कर चुके युवक/युवतियों को वोटर लिस्ट में शामिल किया जाएगा। ऐसे मतदाता जिनकी मौत हो चुकी है उनका विलोपन फार्म भरकर नाम हटाया जाएगा, साथ ही मतदाताओं को आधार से जोड़ा जाएगा जिससे फर्जी मतदान को रोका जा सके। सभी बी.ल.ओ को एंड्रॉएड मोबाइल में एक एप्प भी डाउनलोड करना है जिससे कार्य मे पारदर्शिता लायी जा सके।तहसील बीघापुर के सभी 459 बूथों पर व सदर के 162 बूथों पर मतदाता पुनरीक्षण किया जाना है।

सभी बी.ल.ओ को निर्देशित किया गया है कि बूथों पर दिव्यागो हेतु रैंप बना हुआ चाहिए व बूथ में कमरा जर्जर होने की स्थिति में तहसील कार्यालय को अवगत कराया जाय। मतदाताओ को यदि किसी भी प्रकार की असुविधा या मतदाता सूची सम्बंधित आपत्ति हो तो तहसील कार्यालय से संपर्क कर सकते है।

दुष्कर्म के आरोपी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती के साथ जबरन दुष्कर्म कर फरार चल रहे आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया थाना बिहार क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दिए शिकायत पत्र में बताया था कि बीती 8 जुलाई गांव के ही कमलेश पुत्र मोतीलाल ने मेरी पुत्री के साथ जबरन दुष्कर्म किया पुलिस ने महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को पाटन रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

सरकार द्वारा प्रदत्त योजना में घूसखोरी बर्दाश्त नहीं - विपुल विक्रम सिंह चौहान

सरकारी आवास एवं शौचालय के प्रति वीडियो ने छेड़ी मुहिम

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड की बागडोर संभाले खंड विकास अधिकारी विपुल विक्रम सिंह चौहान ने सरकार द्वारा संचालित योजना प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास शौचालय के लाभार्थियों के साथ विकास खंडके ग्राम पंचायत सरहन बुजुर्ग में बैठक संपन्न की बैठक के दौरान खंड विकास अधिकारी ने लाभार्थियों समेत ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बताया की वर्तमान में ग्राम पंचायत के अंतर्गत पुरानी सूची के साथ साथ 82 आवास स्वीकृत हुए हैं जिनके लाभार्थियों की चयन प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है इसके बाद भी प्रांगण में मौजूद कुछ ऐसे ग्रामीण निकले जिन्हें आवास की अत्यंत आवश्यकता है जिनके लिए खंड विकास अधिकारी ने बताया कि अग्रिम आदेश आने पर नए लाभार्थियों को इस लाभ से लाभान्वित किया जाएगा

खंड विकास अधिकारी विपुल विक्रम सिंह चौहान उपस्थित जन समुदाय के बीच खुले शब्दों में घोषणा करते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाएं पूरी तरह से निशुल्क है इसके लिए किसी भी लाभार्थी को किसी सरकारी या गैर सरकारी व्यक्ति को सुविधा शुल्क अर्थात घूस देने की आवश्यकता नहीं है दबाव बस अगर कोई भी कर्मचारी अधिकारी लाभार्थी से घूस लेने का प्रयास करता है तो उसकी शिकायत तत्काल ब्लॉक मुख्यालय आकर खंड विकास अधिकारी को दे बैठक में मौजूद सचिव प्रधान एवं कर्मचारियों को भी सम्बोधित करते हुए कहा कि कोई भी अधिकारी कर्मचारी लाभार्थी से घूसखोरी करते पाया गया तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी बैठक के पश्चात खंड विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत के निमार्णाधीन मकानों समेत अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण किया इस मौके पर ग्राम पंचायत के सचिव योगेंद्र सिंह प्रधान पति घसीटे प्रजापति पंचायत सहायक प्रांजलि अग्निहोत्री रामचंद्र प्रजापति हरिश्चंद्र दीपक भार्गव अतर सिंह शिव शंकर वर्मा रामदुलारी मीरा संगीता गुड़िया भूरी सुमित्रा समेत आधा सैकड़ा से अधिक लाभार्थी पुरुष महिला समेत वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे ।

Scanned by TapScanner

चिंतन

सदन को लेकर सार्थक रवैया अपनाएं पक्ष-विपक्ष

संसद में गतिरोध कायम है। विपक्ष अपनी मांग पर अड़ा है, सत्ता पक्ष भी लचीला रुख अपनाने को तैयार नहीं है। दोनों की सोच में केवल राजनीति है। दो दर्जन से अधिक विधेयक कतार में हैं। मणिपुर हिंसा पर चर्चा और संसद के भीतर पीएम से जवाब की मांग को लेकर मानसूत्र के पहले दिन से सदन में गतिरोध बना हुआ है। लोकसभा व राज्यसभा दोनों में रोजाना कार्यवाही बाधित हो रही है। सर्वदलीय बैठक भी बेनतीजा निकली। सरकार के चर्चा के आश्वासन के बाद भी विपक्ष गतिरोध खत्म करने को तैयार नहीं है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के विपक्ष को लिखे पत्र का भी असर पड़ता नहीं दिखाई दे रहा है। उल्टे कांग्रेस ने तंज कसा है कि 'गृहमंत्री संसद में गतिरोध खत्म करने के लिए विपक्ष को पत्र लिख रहे हैं, जबकि पीएम नरेंद्र मोदी विपक्षी गठबंधन की तुलना आतंकी गुट से कर रहे हैं। सरकार की कथनी व करनी में फर्क है'। कांग्रेस केंद्र सरकार को घेरने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लेकर आई है, सदन ने इस पर चर्चा के लिए मंजूरी भी दी है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सभी दलों के नेताओं से बातचीत करने के बाद इस अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की तिथि तय करेंगे। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की तिथि तय करने के संदर्भ में 10 दिनों के भीतर फैसला करना होता है। सदन की मंजूरी के बाद इस पर चर्चा और मतदान होता है। इस अविश्वास प्रस्ताव से सरकार की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है, यह बात विपक्ष भी जानता है, इसके बावजूद इसके लाने के पीछे मकसद सरकार पर दबाव बनाना है। विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की ओर से कांग्रेस ने इस रणनीति के साथ यह कदम उठाया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सदन में बोलने के लिए बाध्य किया जा सके। हालांकि प्रधानमंत्री मोदी मणिपुर की घटना पर बोल चुके हैं। उन्होंने क्षोभ व्यक्त करते हुए 20 जुलाई को संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा था कि 'यह घटना किसी भी सभ्य समाज को शर्मसार करने वाली है और इससे पूरे देश की बेइज्जती हुई है तथा इस मामले के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा'। विगत नौ वर्षों में यह दूसरा अवसर होगा जब मोदी सरकार अविश्वास प्रस्ताव का सामना करेगी। इससे पहले, जुलाई, 2018 में मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाया था, जो गिर गया था। इस बार भी अविश्वास प्रस्ताव का भविष्य पहले से तय है क्योंकि संख्याबल भाजपा के पक्ष में है। लोकसभा की 543 सीटों में से पांच अभी रिक्त हैं। इनमें से 330 से अधिक सांसद भाजपा और सहयोगी दलों के हैं। 'इंडिया' गठबंधन के सदस्यों की संख्या 140 से अधिक है। करीब 60 सांसदों का संबंध उन दलों से है जो दोनों गठबंधनों का हिस्सा नहीं है। संविधान के अनुच्छेद-75 के अनुसार, केंद्रीय मंत्रिपरिषद लोकसभा के प्रति जवाबदेह है। अविश्वास प्रस्ताव लाकर कांग्रेस पिछले 84 दिन से हिंसा की आग में जल रहे मणिपुर मुद्दे पर राष्ट्रीय माहौल बनाना चाहती है, वह नए गठबंधन 'इंडिया' की ताकत दिखाना चाहती है, मिशन 2024 के लिए मोदी सरकार के खिलाफ नैरेटिव सेट करना चाहती है और पूर्वोत्तर में अपनी खोई जमीन वापस पाना चाहती है। एक दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने भी सरकार को आईना दिखाया है कि राज्यों गैर भाजपा व गैर राजग राज्य सरकारों के खिलाफ तो केंद्र अति सक्रिय है, जबकि भाजपा या राजग राज्य सरकारों के प्रति अति सुस्त है। इसलिए इस वक्त सारा दबाव सत्तापक्ष पर है। सत्ता पक्ष को चाहिए कि राजनीति से बाहर निकल कर संसद सत्र को उत्पादक बनाने का तटस्थ प्रयास करे, विपक्ष से संवाद का केवल स्वांग भी ना हो। विपक्ष को भी संसद ठप करने की प्रवृत्ति से बाहर आना चाहिए।

कन्वेंशन सेंटर

विवेक शुक्ला

जी-20 लायक क्यों नहीं माना विज्ञान भवन को

जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए विशेष तौर पर प्रगति मैदान में तैयार किए गए कनवेंशन सेंटर के उद्घाटन से एक बात तो साफ हो गई कि अब विज्ञान भवन का दौर गुजर गया। इधर जी-20 सम्मेलन से जुड़ा कोई कार्यक्रम नहीं हो रहा। राजधानी के दिल प्रगति मैदान में स्थित नया कनवेंशन सेंटर आगामी सितम्बर में जी-20 के शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को इसका उद्घाटन किया। माना जा रहा है कि नया कनवेंशन सेंटर दुनिया के शीर्ष 10 कन्वेंशन सेंटर्स में होगा, जो जर्मनी के हनोवर और चीन के शंघाई जैसे विख्यात कन्वेंशन सेंटर को टक्कर देगा। सात हजार लोगों के बैठने की क्षमता वाला ये कन्वेंशन सेंटर बेहद ही भव्य बना हुआ है, पर एक दौर विज्ञान भवन का भी था। इधर 1956 से लेकर हाल तक न जाने कितने शिखर सम्मेलन, कॉन्फ्रेंस, अन्य सरकारी और गैर-सरकारी कार्यक्रम आयोजित हुए। नई दिल्ली 1956 में मेजबानी कर रही थी यूनिस्को सम्मेलन की। इसकी 1955 में मेजबानी भारत को मिलने के बाद सरकार ने विज्ञान भवन का निर्माण करवाया था। विज्ञान भवन का निर्माण 1956 में पूरा हुआ और उसी साल यहां पर भगवान बुद्ध की 2500वीं जयंती के अवसर पर 'कला, सहित्य एवं दर्शन पर बौद्ध धर्म के प्रभाव एवं योगदान' विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। विज्ञान भवन का डिजाइन तैयार किया था प्रसिद्ध आर्किटेक्ट आर.आई.गहलोत ने। वे सीपीडब्ल्यूडी से जुड़े थे। उन्होंने ही कृषि भवन और उद्योग भवन के भी डिजाइन बनाए थे। गहलोत ने विज्ञान भवन का डिजाइन तैयार करते हुए हिन्दू, मुगल तथा बौद्ध वास्तुकला का सम्मिश्रण किया। अब विज्ञान भवन को बने हुए साढ़े छह दशक से अधिक हो रहे हैं, पर अब भी ये किसी भी नई इमारत से उन्नीस नजर नहीं है। गहलोत ने विज्ञान भवन को एक अलग मिजाज का प्रवेश द्वार दिया। ये काले मार्बल के पत्थर से बना है। आपको शायद ही किसी इमारत का इतना विशाल मुख्य द्वार मिले। प्रख्यात मूर्तिकार अमरनाथ सहगल को विज्ञान भवन में भित्ति चित्र बनाने का काम दिया गया। अमरनाथ सहगल ने विज्ञान भवन में कांसे के भित्तिचित्र बनाए और यह कार्य वर्ष 1962 में पूरा हुआ। कितने लोगों को पता है कि जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) भी विज्ञान भवन से ही शुरू हुई थी। जब सरकार ने जी. पार्थसारथी (जीपी) को 1969 में जेएनयू का वाइस चांसलर बनाया तो उन्हें विज्ञान भवन में ही दफ्तर दिया था। यहां 1983 में हुए निर्गुट सम्मेलन को कौन भूल सकता है। उसमें 100 से अधिक देशों के राष्ट्राध्यक्ष पधारे थे। इधर ही बाद के वर्षों में राष्ट्रमंडल देशों का शिखर सम्मेलन और दक्षेस सम्मेलन भी आयोजित किए गए, पर कुछ साल पहले यहां पर सरकार ने आसियान सम्मेलन का आयोजन ना करके संदेश दे दिया था कि अब विज्ञान भवन का पहले वाला महत्व नहीं रहा। आप जब जनपथ से मौलाना आजाद रोड की तरफ आ जा रहे हैं, तो सड़क के बायीं तरफ दो ही इमारतें हैं। पहली विज्ञान भवन और फिर उपराष्ट्रपति आवास। इस सड़क का नाम मौलाना आजाद के नाम पर इसलिए रखा गया था क्योंकि मौलाना आजाद इधर ही रहते थे। देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना आजाद के बंगले का पता था 4 किंग एडवर्ड रोड। अगर हाल के दौर की बात करें तो केंद्र सरकार के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ चले आंदोलन को खत्म करवाने के लिए किसानों और सरकार के बीच वार्ता विज्ञान भवन में ही हुई।

सियासत

उमेश चतुर्वेदी

विपक्ष एकजुट, पर क्या मन मिले

> साल 2024 के आम चुनावों के मद्देनजर जिस तरह से विपक्ष एकजुट हुआ है उसके बाद विरोधी खेमे का उत्साह बढ़ना स्वाभाविक है। या बेंगलुरु की जुटान ने सचमुच देश को यह संदेश दिया है कि एनडीए को धूल चटाने के लिए आईएनडीआईए भरोसेमंद औजार साबित होगा, लेकिन इस जुटान में अभी से ही जिस तरह का बिखराव दिखने लगा है, उससे लगता नहीं कि चुनाव आते-आते तक यह खेमा मजबूती के साथ केंद्र की मौजूदा सरकार को चुनावी मैदान में चुनौती दे पाएगा। वैसे कांग्रेस की तात्कालिक सियासी सेहत के लिए उसका दांव भले ही अच्छा हो, लेकिन उनके मन शायद ही मिल पाएं।

बेंगलुरू में विपक्षी जुटान देख मोदी और बीजेपी विरोधी खेमे का उत्साह बढ़ना स्वाभाविक है। मोदी विरोधी राजनीति और मीडिया के हलके में उत्साह का यह प्याला लबालब छलक रहा है, लेकिन क्या इस जुटान ने सचमुच मोदी विरोधियों को उत्साहित होने का मौका दे दिया है? क्या बेंगलुरू की जुटान ने सचमुच देश को यह संदेश दिया है कि एनडीए को धूल चटाने के लिए आईएनडीआईए भरोसेमंद औजार साबित होगा, लेकिन इस जुटान में अभी से ही जिस तरह का बिखराव दिखने लगा है, उससे लगता नहीं कि चुनाव आते-आते तक यह खेमा मजबूती के साथ केंद्र की मौजूदा सरकार को चुनावी मैदान में चुनौती दे पाएगा।

इसमें दो राय नहीं है कि विपक्षी खेमे की इस जुटान और उसके जरिए मोदी और बीजेपी को घेरने की बुनियाद नीतीश कुमार ने रखी है। पिछले ग्यारह महीनों से वे लगातार इस दिशा में काम कर रहे हैं। उनकी ही पहल पर पहली बैठक पटना में हुई, जिसकी तारीख पहले टली और आखिरकार जून महीने के आखिर में हुई। इस बैठक में शामिल होने को लेकर जिस तरह कांग्रेस ने रुख दिखाया, नीतीश और उनके रणनीतिकारों को चेत जाना चाहिए था। चाहे नीतीश हों या लालू या फिर अखिलेश, समाजवादियों की राजनीति जिस वैचारिक खेमेबंदी पर टिकी है, उसकी बुनियाद में कांग्रेस विरोध ही है। लालू यादव इसके अपवाद हैं, क्योंकि नब्बे के दशक में जनता दल से अलग होकर उन्होंने जब अपनी अलग पार्टी बनाई, कमोबेश तब से वे कांग्रेस के साथी हैं। कभी वे कांग्रेस के रहमोकरम पर होते हैं तो कभी बिहार में कांग्रेस उनके रहमोकरम का मोहताज होती रही है, इसलिए यह माना जा सकता है कि लालू और उनके बेटे तेजस्वी का कांग्रेस की गुगली का अंदाज रहा होगा, लेकिन नीतीश कांग्रेस की इस गुगली को क्यों नहीं भांप पाए? हैरत की बात यही है। पहले पटना के जुटान में कांग्रेस ने जिस तरह शामिल होने को लेकर हीलाहवाली की, उससे उपजे संदेश के एक-एक अक्षर को राजनीतिक समीक्षक समझ रहे थे। उन्हें पता था कि कांग्रेस विपक्षी जुटान में जाकर अपने से छोटे दलों की परिक्रमा करती नजर नहीं आना चाहती। विपक्षी जुटान में वह खुद को ग्रहमंडल के सूर्य की तरह केंद्र में रखना चाहती है और उसकी चाहत बाकी दलों को उसके इर्द-गिर्द ग्रहों की तरह परिक्रमाशील बनाने की है। बेंगलुरू में जिस तरह खुद को फोकस में रखने में वह कामयाब हुई है, उससे साफ है कि उसने साफ संकेत दे दिया है कि विपक्षी जुटान का वही प्रमुख चेहरा होगी। विपक्षी खेमों को साथ लाने की जितनी कोशिश नीतीश ने की है, उतनी मौजूदा दौर में किसी ने नहीं की है। इस जुटान में शामिल वामपंथी दलों को छोड़ दें, जिनकी वैचारिक बुनियाद की मजबूरी मोदी विरोध है, सब की मजबूरी इस गठबंधन में शामिल होना है, इसलिए सबने नीतीश कुमार के अभियान का साथ दिया। वैसे पटना में बैठक का विचार उस ममता ने दिया था, जो एनडीए में रहते वक्त नीतीश कुमार और उनकी तत्कालीन समता पार्टी को बर्दाश्त नहीं कर पाती थीं। पटना में बैठक के सुझाव के पीछे ममता की मंशा थी कि विपक्षी खेमेबंदी का श्रेय

और नेतृत्व कांग्रेस हासिल न कर ले। पहली बैठक के बाद लगने लगा था कि नीतीश और ममता की सोच के हिसाब से ही विपक्षी खेमेबंदी आगे बढ़ रही है, लेकिन बेंगलुरू में कांग्रेस ने पासा पलट दिया। कांग्रेस की अघोषित नंबर वन सोनिया गांधी, नंबर दो राहुल गांधी, नंबर तीन प्रियंका वाड्रा और कांग्रेस के घोषित नंबर वन उसके अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की उपस्थिति में कांग्रेस ने पूरा नेतृत्व अपने हाथ में ले लिया। नीतीश और उनके सलाहकारों को उम्मीद थी कि बेंगलुरू बैठक के बाद उन्हें ठीक वैसे ही विपक्षी खेमेबंदी का संयोजक स्वीकार कर लिया जाएगा, जिस तरह अतीत में उनके नेता जॉर्ज फर्नांडिस को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का संयोजक स्वीकार किया गया था। शायद नीतीश ने भी वैसी ही भूमिका सोच रखी थी। वैसे उन्हें लगता था कि जिस तरह उन्होंने मोदी विरोध में अपने सुर तेज किए हैं, उससे विपक्षी खेमा आने वाले दिनों में उन्हें अपना नेता मान लेगा। ऐसा सोचते वक्त वह कांग्रेस को कमजोर आंक गए। नीतीश पर निगाह रखने वाले जानते हैं कि वे अपना गुस्सा छिपा नहीं पाते। बेंगलुरू की प्रेस कांफ्रेंस में भाग ना लेना और वहां से चुपचाप पटना के लिए निकल जाना तवज्जो ना मिलने से उपजे नीतीश के क्षोभ की ही कहानी कह रहा है। वैसे नीतीश को पटना की बैठक के दौरान हुए लालू-राहुल गांधी संवाद को याद कर लेना चाहिए था। लालू की छवि हंसोड़ की है। उन्होंने तब राहुल से दूल्हा बनने को कहा था। सामान्य रूप से इसे मजाक में लिया गया, लेकिन लालू ने एक तरह से कांग्रेस को संकेत दिया था कि कांग्रेस अगुआई करे। वह उनके साथ हैं। वैसे लालू पर कांग्रेस का गहरा अहसान है। साल 2000 में राबड़ी सरकार को बर्खास्त करके नीतीश को शपथ दिला दी गई थी, लेकिन राज्यसभा में तत्कालीन एनडीए सरकार का बहुमत नहीं था। कांग्रेस अपने रुख से टस से मस नहीं हुई। लिहाजा नीतीश को इस्तीफा देना पड़ा था और लालू की सरकार बहाल हो गई थी। पता नहीं, नीतीश को यह संदर्भ लालू के बयान के वक्त याद रहा या नहीं। लेकिन बेंगलुरू में जिस तरह कांग्रेस ने किया है, उससे साफ है कि कांग्रेस ने लालू के सुझाव को गहराई से समझा। साल 1998 के बाद से लेकर अब तक नीतीश की पूरी राजनीति कांग्रेस विरोध की बुनियाद पर भाजपा के साथ पली-बढ़ी है। साल 2005 और 2010 के बिहार विधानसभा चुनावों में नीतीश की पार्टी बड़े भाई की भूमिका में रही, लेकिन बाद के दिनों में उसका आधार छीजता चला गया। इसके बावजूद भाजपा ने उन्हें अपनी बारात का दूल्हा बनाए रखा। बीच के कुछ साल अपवाद के कहे जा सकते हैं, जब उन्होंने भाजपा का दामन छोड़ कांग्रेस के हाथ में लालू की लालटेन पकड़ खुद के लिए रोशनी तलाशी। पहली बार जब उन्होंने लालटेन की रोशनी को अपने साथ लिया, तब तक वह रोशनी पीली पड़ने लगी थी। तब लालू को भी अपने राजनीतिक वजूद के लिए नीतीश का साथ जरूरी लगा। चतुर खिलाड़ी की तरह उन्होंने जनता दल यू के तीर को थाम लिया। इसका नतीजा 2015 के चुनावों में दिखा। जो लालू कमजोर हो रहे थे, विराट बनकर उभरे।

अब अगली जुटान मुंबई में होनी है। शरद पवार की जैसी राजनीतिक फितरत रही है, उसमें अब वे भी अपनी तरह से खेल दिखाएंगे। उस खेल में हो सकता है कि अपनी वरिष्ठता का हवाला देते हुए वे खुद को संयोजक बनवा ले जाएं। इसके लिए हो सकता है कि वे गठबंधन के नेतृत्व के लिए राहुल के नाम का प्रस्ताव भी कर दें। इस पूरी प्रक्रिया में सबसे ज्यादा घाटा नीतीश को होना है। वैसे भी हाल के कुछ वर्षों में उनकी साख कमजोर तो हुई ही है। शायद यही वजह है कि कांग्रेस उनकी बजाय खुद को आगे रखने में कामयाब हो गई। वैसे कांग्रेस की तात्कालिक सियासी सेहत के लिए उसका दांव भले ही अच्छा हो, लेकिन अब ममता भी चेतेंगी, दूसरे छोटे दल भी सचेत होंगे। उनके मन शायद ही मिल पाएं। आखिरकार यह भाजपा के ही मुफीद होगा।

मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं?

संकलित

दर्शन

जब ईश्वर का वास हृदय में माना गया है, तो मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं? मंदिरों की स्थापना के पीछे उद्देश्य था कि पूजा, अर्चना और यज्ञ आदि द्वारा पवित्र तन्मात्रओं यानी पंचभूतों के सूक्ष्म रूप की सृष्टि की जाए। किसी साधु हृदय व्यक्ति को पूजा का कार्यभार सौंपा जाए। स्थान का मन पर अदृश्य प्रभाव पड़ता है। चिकित्सालय में व्यक्ति को हर तरफ रोग और रोगी ही दिखते हैं। स्वस्थ व्यक्ति भी वहां अशक्त महसूस करने लगता है। हमारे शरीर से प्रतिदिन शुभ या अशुभ अदृश्य सूक्ष्म शक्ति-राशि का उत्सर्जन होता रहता है। मंदिर जाने वाला व्यक्ति काम, क्रोध और आलस्य बाहर छोड़कर ईश्वर के प्रति भक्तिभाव से जाता है। यह सामूहिक भक्ति या उपासना शुभ तन्मात्रओं व तरंगों का सृजन करती है। अतः वहां आगमन दुर्बल मन वाले मनुष्यों में ऊर्जा का संचार करता है। सज्जनों से ही प्रार्थना स्थलों की पवित्रता बनी रहती है। यदि मंदिर में असाधु व्यक्तियों का आवागमन बढ़ जाए तो स्थान अपनी पवित्रता खोने लगता है। पवित्र श्रवण मास में शिवलिंग पर दुग्ध, बेलपत्र, फल-फूल आदि चढ़ाकर पुण्य अर्जित करने की होड़ लगी रहती है। यदि ईश्वर है और वह हमारी प्रार्थना से प्रसन्न होता है तो वह एक बेलपत्र, अंजुली भर दूध या एक पुष्प से भी प्रसन्न हो जाएगा। सावन के महीने से इतर भी ये दृश्य आमतौर पर मंदिरों में आम होते हैं। यदि यह व्यवस्था सुचारु न हो तो अव्यवस्था स्वाभाविक है। इसी कारण कई मंदिरों में व्यक्तिगत रूप से भोग-अर्पण की मनाही है।

जिसका भी मनोबल जागा, हो रहा सफल

संकलित

प्रेरणा

राजा सुकीर्ति के पास एक लौहश्रुन्ध नामक हाथी था। राजा ने कई युद्ध में उसपर चढ़ाई करके विजय पायी थी। बचपन से ही उसे इस प्रकार से तैयार किया गया था कि युद्ध में शत्रु सैनिको को देखकर वो उनपर इस तरह टूट पड़ता। समय गुजरता गया, अब वह पहले की तरह कार्य नहीं कर पाता था। इसलिए अब राजा उसे युद्ध क्षेत्र में भी नहीं भेजते थे। वह सिर्फ हाथी शाला की शोभा बन कर रह गया। एक दिन वह सरोवर में जल पीने के लिए गया, लेकिन वहीं कीचड़ में उसका पैर धँस गया और फिर धँसता ही चला गया। हाथी के फँसने का समाचार राजा तक भी पहुँचा। राजा समेत सभी लोग हाथी के आसपास ईकट्ठे हो गए और विभिन्न प्रकार के प्रयत्न उसे निकालने के लिए करने लगे। लेकिन बहुत देर तक प्रयास करने के उपरांत कोई मार्ग नहीं निकला। तभी गौतम बुद्ध मार्गभ्रमण कर रहे थे। राजा और सारा मंत्रीमंडल तथागत गौतम बुद्ध के पास गये और अनुरोध किया। गौतम बुद्ध ने सबसे पहले घटनास्थल का निरीक्षण किया। और फिर राजा को सुझाव दिया कि युद्ध का माहौल बनाया गया, वाद्ययंत्र मंगवाए गए। नगाड़े बजवाये गए और ऐसा माहौल बनाया गया कि शत्रु सैनिक लौहश्रुन्ध की ओर बढ़ रहे है। और फिर तो लौहश्रुन्ध में एक जोश आ गया। गले तक कीचड़ में धस जाने के बावजूद वह जोर से चिंघाड़ लगाकर सैनिको की ओर दौड़ने लगा। बड़ी मुश्किल से उसे संभाला गया। गौतम बुद्ध ने सबको स्पष्ट किया कि हाथी की शारीरिक क्षमता में कमी नहीं थी, आवश्यकता मात्र उसके अंदर उत्साह के संचार करने की थी।

अंतर्मन

आज की पाती

कारगिल युद्ध के जांबाजों को शत-शत प्रणाम

26 जुलाई हमारे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है क्योंकि वर्ष 1999 मे इसी दिन हमारे देश के जाबांज सैनिकों ने देश के दुश्मन पाकिस्तान को कारगिल युद्ध में करारी शिकस्त देकर कारगिल की चोटियों पर भारत का तिरंगा फहराया था। भारत हमेशा ही पाकिस्तान को प्यार और अहिंसा से आतंकवाद और कश्मीर समस्या के लिए बातों और समझौतों की राह चलते हुए समझाने की कोशिश करता आया है, लेकिन हमारे देश के प्रति नापाक पाकिस्तान ने जब-जब भी अपनी नापाक हरकतों की लक्ष्मण रेखा पार की है, तब-तब हमारे देश ने इसे सुधारने के लिए बातों से नहीं, बल्कि लातों से भी काम लिया है। हर युद्ध में उसे मुंह की भी खानी पड़ी है। *-मनहरण साहू, रायगढ़*

ट्रेंड

लोग दुष्प्रचार को समझेंगे

बुरे अतीत से छुटकारा पाने के लिए विपक्षी गठबंधन ने अपना नाम बदल लिया है। केवल नाम बदलकर आईएनडीआईए कर दिया गया। पिछले कार्यों को सार्वजनिक स्मृति से नहीं मिटाएंगे। लोग समझदार हैं इस दुष्प्रचार को समझ सकेंगे।

-अमित शाह, गृह मंत्री

जटिल ऑपरेशन शुरू

यूएन ने यमन के तट पर क्षतिग्रस्त टैंकर से 1 मिलियन बैरल तेल स्थानांतरित करने का जटिल ऑपरेशन शुरू किया है। हमें टिक-टिक करते टाइम बम को निष्क्रिय करने और तेल रिसाव से बचने के लिए काम करते रहने की जरूरत है।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

गिग वर्कर्स के लिए कानून

राजस्थान के 3 लाख से ज्यादा गिग वर्कर्स को उनका अधिकार और आत्मसम्मान दिलाने के लिए कांग्रेस सरकार ने नया कानून लागू किया है, जो भारत का पहला ऐसा कानून है। ये कानून गिग इकॉनामी के श्रमिकों को आर्थिक सुरक्षा देगा।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

अपने जैसा होना मत भूलना

जब हम अपने सोशल मीडिया को स्क्रॉल करने और दूसरों की जांच करने में व्यस्त होते हैं, तो हमें इस बात के टेम्पलेट दिए जा रहे हैं कि हमें कैसा दिखना चाहिए, सोचना चाहिए, महसूस करना चाहिए, कहना चाहिए और करना चाहिए। अद्वितीय होना, अपने जैसा होना मत भूलना।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

करंट अफेयर

तमिलों के मुद्दों पर श्रीलंका में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक

श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे द्वीपीय देश में अल्पसंख्यक तमिलों के जातीय मेल-मिलाप के जटिल मुद्दे पर चर्चा के लिए एक सर्वदलीय बैठक करेंगे। राष्ट्रपति द्वारा यह बैठक सरकार के राष्ट्रीय सुलह कार्यक्रम और इसकी आगे की राह पर चर्चा के लिए बुलाई गई है। यह कदम पिछले सप्ताह राष्ट्रपति की दो दिवसीय भारत यात्रा के तुरंत बाद उठाया गया है, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की थी। दिल्ली यात्रा से पहले, विक्रमसिंघे ने उत्तर और पूर्वी प्रांतों में प्रतिनिधित्व करने वाली तमिल पार्टियों के साथ एक बैठक में सर्वदलीय सहमति के साथ श्रीलंकाई संविधान के 13वें संशोधन (13ए) को प्रांतों को पुलिस शक्ति दिए

ऑफ बीट

आपके अस्थमा को बर्गर व चिप्स करते हैं प्रभावित

कुछ खाद्य पदार्थ या आहार पैटर्न आपके अस्थमा के बेहतर नियंत्रण से जुड़े हुए हैं। अन्य इसे बदतर बना सकते हैं। आपने जो खाया है उसके आधार पर, आप घंटों में प्रभाव देख सकते हैं। भोजन इस बात पर असर डाल सकता है कि आपके फेफड़े कितनी अच्छी तरह काम करते हैं, आपको कितनी बार अस्थमा का दौरा पड़ता है और आपका पफर कितनी अच्छी तरह काम करता है। यहां हम जानते हैं कि यदि आपको अस्थमा है तो कौन से खाद्य पदार्थ अधिक खाने चाहिए और कौन से कम मात्रा में खाने चाहिए। अस्थमा एक प्रदाह संबंधी बीमारी है।

Scanned by TapScanner

संक्षेप

अमेठी में सड़क हादसे में महिला समेत 2 घायल

अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलटी बोलेरो, झाड़ फूंक करवाकर लौट रहा था परिवार

अमेठी जिला, अमेठी में देर रात तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। हादसे में महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को अमेठी सीएचसी में भर्ती कराया। जहां गंभीर हालत देख एक व्यक्ति को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अमेठी कोतवाली क्षेत्र के प्रतापगढ़ रोड स्थित बाई पास रात 9 बजे तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। गाड़ी पलटने की आवाज सुनते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और बच्ची समेत तीन घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला। लोगों ने इसकी सूचना अमेठी कोतवाली पुलिस और एम्बुलेंस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को एम्बुलेंस की मदद से अमेठी सीएचसी पहुंचाया जहाँ गंभीर हालत में गंभीर रूप से घायल आलोक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया और हीरावती का इलाज सीएचसी में चल रहा है। बारामासी गांव के रहने वाली हीरावती की नाबालिग बच्ची को सांप ने काट लिया था। हीरावती बोलेरो चालक आलोक के साथ बच्ची का टिकरी गांव से झाड़ फूंक करवा कर वापस आ रही थी। तभी तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई।

अमेठी में घर के बाहर से टाटा एस गाड़ी चोरी

गाड़ी में था करीब डेढ़ लाख रुपए का सामान, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना

अमेठी जिला, अमेठी में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई, जहां देर रात दो नकाबपोश चोरों ने घर के बाहर खड़ी टाटा एस गाड़ी पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की पूरी वारदात घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सुबह जानकारी होने पर पीड़ित ने मामले की शिकायत अमेठी कोतवाली पुलिस में की, जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित के मुताबिक गाड़ी में डेढ़ लाख रुपए से अधिक का सामान भी लदा था। सबसे बड़ी बात है कि जिस जगह चोरी की वारदात हुई वहां से सौ मीटर के दायरे में प्रतिदिन डायल 112 की गाड़ी खड़ी रहती है। पूरा मामला अमेठी कोतवाली क्षेत्र के धम्मोर रोड स्थित आवास विकास कॉलोनी के पास है। यहां व्यवसायी विजय सिंह में अपने घर के बाहर अपनी टाटा एस गाड़ी खड़ी कर रखी थी। 25 जुलाई की देर रात दो नकाबपोश चोर पहुंचे और गाड़ी लेकर धम्मोर रोड की तरफ फरार हो गए। सुबह विजय सिंह उठे तो गाड़ी न देख उनके होश उड़ गए। विजय ने जब सीसीटीवी चेक किया तो चोरी की पूरी वारदात उसमें कैद थी।

समयबद्ध निपुण लक्ष्य हासिल करें शिक्षकः बीएसए

नानपारा मे प्रधानाध्यापकों की समीक्षा बैठक आयोजित

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। शिक्षा क्षेत्र नवाबगंज के परिषदीय स्कूलों में कार्यरत प्रधानाध्यापकों एवं प्रभारी प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक शंकर इंटर कालेज नानपारा में आयोजित की गई। खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज राधेश्याम वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित मासिक समीक्षा बैठक के मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी रहे। बैठक में बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रेरणा पोर्टल तथा निपुण भारत मॉनिटरिंग पोर्टल से प्राप्त डाटा आधारित समीक्षा की। बैठक में

बच्चों के शत प्रतिशत उपस्थिति, आधार नामांकन, परिवार सर्वेक्षण डाटा की समयबद्ध पोर्टल पर फीडिंग आदि के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे कल का भविष्य हैं। बच्चों का भविष्य संवारना हमारा नैतिक दायित्व है और यह दायित्व हम सभी के सम्मिलित प्रयास से ही पूरा होगा। उन्होंने बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति तथा पठन-पाठन में अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता हेतु नियमित अभिभावक बैठकों के निर्देश दिए। खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा ने विद्यालयों में छात्र उपस्थिति बढ़ाने, निर्धारित समय अवधि में निपुण लक्ष्य प्राप्त करने, कक्षा एक दो व तीन में आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका तथा कक्षा चार पांच में भाषा- गणित निर्देशिका आधारित शिक्षण कार्य के निर्देश दिए गए। साथ ही साथ उच्च प्राथमिक विद्यालयों में नियमित उपचारात्मक कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए गए। विद्यालयों में गणित-विज्ञान किट तथा पुस्तकालय की पुस्तकों के बेहतर उपयोग हेतु सुझाव भी दिए गए। खंड शिक्षा अधिकारी ने कम उपस्थिति वाले विद्यालयों के अध्यापकों को बुलावा टोली निर्माण, नियमित अभिभावक बैठक व सम्पर्क के निर्देश दिए। कायाकल्प के अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा कराने हेतु ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव से संपर्क आदि के निर्देश दिए। उन्होंने सभी शिक्षकों को टाइम एंड मोसन पर विशेष ध्यान देने तथा विभागीय दिशा निर्देशों को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान एआरपी विपिन सिंह, राकेश मौर्या, निर्मल शुक्ला, सुनील कुमार, शक्तिधर पाठक, शैलेन्द्र वर्मा, विनोद गिरि, विनय सिंह, शिक्षक संकुल कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, अरविंद वर्मा, जीतेन्द्र शर्मा, वैभव सिंह सहित भारी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

समय से नियमित बच्चों को विद्यालय भेजें अभिभावकः समय प्रसाद मिश्र

अमन लेखनी समाचार

पयागपुर, बहराइच। शासन के मंशानुरूप उच्च प्राथमिक विद्यालय वीरपुर में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख पयागपुर प्रतिनिधि व जिला पंचायत सदस्य समय प्रसाद मिश्र ने की। अपने अध्यक्षीय भाषण में उपस्थित अभिभावकों से अपील की, कि सभी अभिभावक अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजे जिससे उनको गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा सके और उन्हें निपुण बनाया जा सके। शिक्षा चौपाल को खंड शिक्षा अधिकारी ने अपने उद्बोधन में आपरेशन विद्यालय कायाकल्प, डीबीटी, एवं निपुण लक्ष्य पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। चौपाल को एआरपी पवन कुमार शुक्ल, पवन कुमार मिश्र, दिलीप कुमार त्रिपाठी और यादवेन्द्र प्रताप चौधरी ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एआरपी राजेश कुमार मिश्रा ने किया। अपने संबोधन में प्रभावी कक्षा शिक्षण तथा विभाग द्वारा प्राप्त कार्यपुस्तिका और चार्टों पर विस्तार से चर्चा की। नोडल शिक्षक संकुल अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए उनको गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होना आवश्यक है और इसके लिए उन्हें प्रतिदिन विद्यालय पढ़ने आना होगा। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश कुमार तिवारी ने अभिभावकों से अपने पाल्यों को प्रतिदिन समय से विद्यालय भेजने की अपील की। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक चंद्रशेखर तिवारी ने चौपाल में उपस्थित सभी अभिभावकों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों एवं मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की रसोइया और स्कूल बच्चे उपस्थित रहे।

आरसेटी में 6 दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षणार्थियों को वितरित किया प्रमाण पत्र

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। महिलाओ को सशक्त बनाये जाने के उद्देश्य से इण्डियन बैंक स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान अन्तर्गत 06 दिवसीय बुके बनाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त स्वतः रोजगार रामेन्द्र सिंह कुशवाहा द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। मुख्य अतिथि श्री कुशवाहा ने बताया कि यह प्रशिक्षण युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिये चलाया जा रहा है। बेरोजगार युवतियां प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वालम्बी बन अपने रोजगार को आगे बढाये। निदेशक स्वरोजगार द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों को बैंको के माध्यम से ऋण दिलाने में हर सम्भव सहयोग प्रदान किया जायेगा।

दी मिलियन स्कूल किसान पाठशाला हेतु ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 2 अगस्त को

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। उपनिदेशक कृषि डाक्टर टीपी शाही ने बताया की शासन के निर्देश के क्रम में जनपद की प्रत्येक न्याय पंचायतों में दी मिलियन फार्मर स्कूल (किसान पाठशाला) आयोजित की जाएगी। जिसके लिए कृषि मंत्री की अध्यक्षता में 28 जुलाई 2023 को जनपद के मास्टर ट्रेनर्स (अधिकारियों) का एक दिवसीय प्रशिक्षण एनआईसी बहराइच में आयोजित किया गया था। अपर मुख्य सचिव कृषि उत्तर प्रदेश शासन डॉ देवेश चतुर्वेदी ने निर्देश दिया है कि पूर्व में दी मिलियन फार्मर स्कूल किसान पाठशाला का आयोजन कराया गया था जिसके सार्थक परिणाम आए हैं। इस कार्यक्रम से कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी अपने अपने न्याय पंचायतों के चयनित ग्रामों में जाकर किसानों को कृषि एवं एलाइड सेक्टर से संबंधित योजनाओं की जानकारी प्रदान करेंगे।

शासन के निर्देश के क्रम में 02 अगस्त 2023 को कृषि भवन सभागार बहराइच में जनपद के समस्त विकास खंडों में कार्यरत क्षेत्रीय कर्मचारियों प्राविधिक सहायक ग्रुप सी, एटीएम, बीटीएम, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप, सहायक विकास अधिकारी, कृषि एवं कृषि रक्षा अधिकारियों को जनपद के उद्यान पशुपालन मत्स्य रेशम दुग्ध गन्ना आदि विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि कर्मचारी प्रशिक्षण प्राप्त कर अगस्त माह के प्रथम अथवा द्वितीय सप्ताह के अंदर ग्रामीण अंचलों में चयनित ग्राम पंचायतों में जाकर कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के साथ-साथ उद्यान पशुपालन मत्स्य रेशम दुग्ध गन्ना विभागों द्वारा संचालित योजनाएं कृषि विविधीकरण तथा किसानों की आय में वृद्धि हेतु विशेष जानकारी प्रदान करेंगेस कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों द्वारा विशेषकर श्री अन्न मिलेट्स उत्पादन किसानों को पराली प्रबंधन तथा पराली जलाने से होने वाली पर्यावरण तथा मानव स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान के संबंध में जागरूक करेंगे। ससंबंधित ग्राम पंचायत के राजस्व लेखपाल ग्राम प्रधान के अपेक्षित सहयोग से अधिक से अधिक किसानों को दी मिलियन फार्मर स्कूल किसान पाठशाला का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम से जनपद के किसानों को सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त होगा।

जिम्मेदारों ने नहीं सुनी तो ग्रामीणों ने खुद बना डाला अप्रोच

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच। मिहीपुरवा विकासखंड मिहीपुरवा के ग्राम पंचायत उर्रा गांव के मजरा रानीपुर में एक पुल बना हुआ है जो बरसात में उसके आसपास की मिट्टी कट जाती है। ग्रामीणों ने मिट्टी पटान के लिए कई बार ग्राम प्रधान सचिव सहित ब्लॉक के उच्च अधिकारियों तक गुहार लगाई लेकिन कोई भी जिम्मेदार ग्रामीणों की एक भी नहीं सुना। परेशान होकर ग्रामीणों ने पूर्व प्रधान श्रीचंद्र मौर्या के नेतृत्व में इकट्ठा होकर स्वयं हाथ में डाली व फावड़ा लेकर मिट्टी पटान का कार्य शुरू कर दिया और पुल के पास बरसात से कटे अप्रोच को मिट्टी डालकर बना दिया। ग्रामीणों ने बताया कि एक ओर जहां प्रदेश की योगी सरकार जनहित के कार्यों को समर्पित है वहीं क्षेत्रीय जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही जनता के विकास में बाधा बन रहे हैं। ग्रामीणों ने संबंधित जिम्मेदारों पर कार्यवाही की मांग की है। जन सहयोग में राम समोखन, तीरथ राम, पहलाद, अवध राम बेवफाई, रामादयाल, भोला सहित काफी संख्या में ग्रामीण एकजुट होकर अप्रोच का निर्माण किया।

अम्बेडकरनगर में बकाया वेतन की मांग को लेकर रसोइयों का प्रदर्शन

- रसोइयों ने भेजा ज्ञापन, कहा- वेतन नहीं मिला तो 4 अगस्त से करेंगे हड़ताल

अमन लेखनी समाचार

अम्बेडकरनगर, अम्बेडकर नगर में मध्यान्ह भोजन रसोइया मजदूर संघ ने बकाया वेतन सहित विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट के निकट अम्बेडकर प्रतिमा के प्रांगड़ में धरना दिया। धरने के बाद उप जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया और कहा कि यदि उनकी मांगे न मानी गयी तो सभी रसोइया आगामी 4 अगस्त से हड़ताल पर रहेंगे। रसोइया संघ की अध्यक्ष कन्यावती ने कहा कि सरकार रसोइयों से बड़े-बड़े वादा करती है, लेकिन उन्हें पूरा नही करती है। उन्होंने कहाकि परिषदीय और उच्च परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चो को रसोइया जिम्मेदारी से खाना बना कर देती है और उनको जो जिम्मेदारी दिया जाता है, उसे निभाती है, लेकिन सरकार रसोइया को बहुत कम वेतन देती है और जो वेतन देती है वह भी समय पर नही देती है। जिससे रसोइया तथा उनका परिवार आर्थिक तंगी से जूझता है। उन्होंने बताया कि मार्च 2023 से रसोइयों को वेतन नही मिला है। अगर रसोइया का बकाया वेतन का भुगतान जल्द नही किया गया तो रसोइया 4 अगस्त से हड़ताल करेंगी। इस अवसर पर मीरा, पुष्पा, नीलम, संग्राम, सुधीर, उदयभान, लालजी उपाध्याय, आशादेवी, रामादेवी ज्ञानमती, गंगाशरण, सालिक राम यादव आदि मौजूद रहे।

एसएसपी ने थाना कुमारगंज का किया निरीक्षण

थाने पर आने वाली शिकायतों का समय से करें निस्तारण, नहीं तो होगी कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार

मिल्कीपुर, वरिष्ठपुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर ने थाना कुमारगंज का औचक निरीक्षण किया। अचानक से अपने बीच एसएसपी को पाकर थाने में मौजूद पुलिस कर्मियों में खलबली मच गई। एसएसपी ने थाने के रजिस्टर और साफ-सफाई व महिला हेल्प डेस्क के बारे में जानकारी ली। अभिलेखों की जांच पड़ताल भी की। जानकारी के अनुसार, थाने पर महिला हेल्प डेस्क तथा थाने पर आने वाली अन्य शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शत प्रतिशत निस्तारित करते हुए उनका फॉलो अप भी लेने का निर्देश दिया गया। थाने के विभिन्न रजिस्टर, अभिलेखों, माल खाना, बैरक, शौचालय आदि का बारीकी से निरीक्षण कर थाने में निरोधात्मक कार्रवाई, अपराध रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, समाधान दिवस, आगंतुक रजिस्टर, कंप्यूटर कक्ष तथा थाने की साफ-सफाई एवं अपराध की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों में प्रगति/ परिणाम तथा अपराधिक घटनाओं के अनावरण आदि का निरीक्षण कर जायजा लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली संजीव सिंह को लम्बित घटनाओं के त्वरित अनावरण, अपराध की रोकथाम एवं कानून व्यवस्था के मद्देनजर लगातार चेकिंग, आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करने हेतु एंव थाने के डाक पैरोकार के साथ वार्ता कर गिरफ्तारी हेतु लम्बित वारंटों के शत-प्रतिशत अनुपालन करने हेतु निर्देशित किया। थाने के दरोगा व कांस्टेबल शिकायतकर्ता को मुख्य दरवाजे के पास से यह कह कर लौटा देते थे कि अभी थोड़ी देर बाद आना अभी निरीक्षण चल रहा है। दरोगा को डर इस बात की थी कि कहीं पीड़ित ये न कह दे कि हमारी सुनी ही नहीं जा रही है। निरीक्षण के दौरान पुलिस चौकी प्रभारी चिलबिली उमेश कुमार वर्मा, चौकी प्रभारी संतोष मौर्या व थाने की उपनिरीक्षक शंकर लाल यादव, अभिषेक सिहं तथा महिला एवं पुरुष कांस्टेबल भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी कार्रवाई में लापरवाही पाई जाएगी तो दोषी के खिलाफ कड़ी से कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

हमीरपुर में किसानों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

- बोले- बांध में पानी भर जाने से खराब हो जाती है फसल, नहीं हो पाई बुआई

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर, हमीरपुर में किसानों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया की मौदहा बांध हर साल बरसात के मौसम में अपनी क्षमता से ज्यादा भर जाता है। जिसकी वजह से हर साल उनकी फसलें खराब हो जाती है। इस साल तो बांध अभी से इतना ज्यादा भर गया है। जिससे वह अपने खेतों की बुवाई भी नहीं कर पाए हैं। कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करने पहुंचे यह सभी किसान राठ तहसील क्षेत्र में मवई गांव के रहने वाले थे। इस इलाके में हमीरपुर जिले का इकलौता और बड़ा बांध मौदहा बांध बना हुआ है। जिससे पूरे जिले की नहरें संचालित होती हैं। जिसकी वजह से बांध में पानी रोक कर रखा जाता है। जिससे गर्मी के मौसम और सिंचाई के टाइम पर लहरों को संचालित किया जा सके, लेकिन यही बांध आसपास के इलाकों के लिए मुसीबत का सबब बना हुआ है। बांध में पानी भर जाने की वजह से आसपास के किसानों की हर साल फसल जलमग्न हो जाती है। जिससे किसान परेशान रहते हैं। इसी बात को लेकर आज मवई गांव के लोगों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। किसान इंद्रजीत सिंह दिलीप कुमार नाथूराम प्रेमचंद्र जयपाल सहित अन्य किसानों ने बताया कि उनकी खेतिहर जमीन मौदहा बांध की सीमा के बाहर है, लेकिन मौदहा बांध अपनी सीमा से ज्यादा भर जाता है।

हमीरपुर में तेज रफ्तार स्कूटी व बाइक में भिड़ंत

एक युवक की मौत, दो साथी घायल, दोस्त के बर्थडे से वापस लौटते समय हुआ हादसा

अमन लेखनी समाचार

राठ, हमीरपुर में राठ कस्बे की नवीन गल्ला मंडी स्थित नहर के पास तेज रफ्तार बाइक और स्कूटी के बीच भीषण भिड़ंत हो गई। इस दौरान बाइक चला रहे 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। वहीं बाइक सवार उसके दो दोस्त घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी लगते ही युवक के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, राठ तहसील क्षेत्र के मझगवां थाना अंतर्गत जराखर गांव निवासी कल्याण पुत्र गुलाब जो कि जराखर गांव के ही निवासी थे, अपने दोस्त कपिल के जन्मदिन पर अपने एक अन्य दोस्त बलराम के साथ राठ कस्बे के पनवाड़ी रोड पर स्थित किसी ढाबे में बर्थडे सेलिब्रेट करने एवं खाना खाने के लिए आए हुए थे। वहां से वापस अपने गांव जराखर लौटने के दौरान रास्ते में राठ कस्बे की नवीन गल्ला मंडी स्थित नहर के पास तेज रफ्तार स्कूटी से उनकी मोटर साइकिल की जोरदार भिड़ंत हो गई। जिससे हुए हादसे में बाइक पर सवार कल्याण की मौत हो गई। कपिल और बलराम घायल हो गए।

राठ में कच्चा मकान गिरा, महिला समेत दो मासूम दबे

- तीनों गंभीर घायल, बचाने पहुंचा महिला का जेठ भी मलबे में दबा, गृहस्थी हुई चौपट

अमन लेखनी समाचार

राठ, राठ के ओंडेरा गांव में सुबह के समय एक कच्चा मकान अचानक भरभरा कर गिर गया। जिससे घर के अंदर सो रही महिला अपने दो मासूम बच्चों के साथ दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं मकान गिरने का शोर सुनकर जेठ बचाने के लिए पहुंचा तो मकान का एक और हिस्सा गिरने से वह भी दब कर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के कर्मचारियों ने मलबे से सभी को बाहर निकालते हुए सीएचसी में भर्ती कराया। राठ कोतवाली क्षेत्र के ओंडेरा गांव की निवासी महिला रामप्यारी पत्नी प्रहलाद ने बताया कि वह अपने 8 वर्षीय पुत्र अवधेश व 10 वर्ष पुत्र कृष्णकांत के साथ अपने कच्चे मकान में सो रही थी। तभी सुबह के समय अचानक भरभरा कर उसका कच्चा मकान गिर गया। बताया कि मकान गिरने से उसके मलबे में वह और उसके दोनों बच्चे दबकर घायल हो गये। बताया कि तभी उसी दौरान पड़ोस में रहने वाला उसका जेठ धनीराम पुत्र जमुनादास उन्हें बचाने के लिए दौड़ा लेकिन अचानक उसी दौरान मकान का कुछ हिस्सा उसके जेठ धनीराम के ऊपर भी गिर गया। जिससे उसका जेठ धनीराम भी मकान के मलबे में दबकर घायल हो गया। बताया कि उसके कच्चे मकान के गिरने से उसमें रखी गृहस्थी का सामान भी तहस-नहस हो गया है।

Scanned by TapScanner

मुख्यमंत्री ने कलेक्ट्रेट व सदर तहसील में मल्टीस्टोरी अधिवक्ता चैंबर्स का किया लोकार्पण, डिजिटल लाइब्रेरी का भी किया शिलान्यास

कानून का राज होने के लिए सुदृढ़ न्याय व्यवस्था अपरिहार्य : सीएम

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कानून का राज सुशासन की पहली शर्त है। कानून का राज होने के लिए सुदृढ़ न्याय की व्यवस्था का होना अपरिहार्य है। सुशासन की प्राथमिक शर्तों में सस्ता व समय से न्याय मिलना भी शामिल है। समयबद्ध न्याय मिलने की परिकल्पना को साकार करने के लिए सरकार अधिवक्ताओं के लिए सुविधा व संसाधन बढ़ाने का काम पूरी प्रतिबद्धता से कर रही है। सीएम योगी सोमवार अपराह्न गोरखपुर कलेक्ट्रेट में 3 करोड़ 46 लाख 21 हजार रुपये की लागत से बने मल्टीस्टोरी अधिवक्ता चैंबर्स, सदर तहसील में 4 करोड़ 54 लाख 24 हजार रुपये की लागत से निर्मित अधिवक्ता चैंबर्स का लोकार्पण और कलेक्ट्रेट परिसर में 1 करोड़ 25 लाख 30 हजार रुपये की लागत से बनने वाली डिजिटल लाइब्रेरी का शिलान्यास करने के बाद उपस्थित अधिवक्ताओं व अन्य जन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिवक्ता सुदृढ़ न्याय व्यवस्था के साक्षात प्रतिनिधि हैं। इस महत्व को जानते हुए सरकार ने अधिवक्ताओं के लिए कल्याणकारी कार्यक्रमों को लगातार आगे बढ़ाया है। नए अधिवक्ताओं के लिए प्रोत्साहन व अधिवक्ता कल्याण निधि की राशि बढ़ाने की व्यवस्था की। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार विकास के साथ अधिवक्ता हितों के संरक्षण को प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अधिवक्ता न्यायालय को गतिमान करने के तंत्र हैं। उनके लिए बेहतरीन चैंबर्स हों, इस दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। गोरखपुर कलेक्ट्रेट और सदर तहसील में यह कार्य पूर्ण हो गया है। अन्य जगहों से भी अधिवक्ता चैंबर्स के लिए प्रस्ताव मांगे गए हैं। उन्होंने बताया कि सरकार इलाहाबाद हाईकोर्ट में 10000 की क्षमता का सभी सुविधाओं से युक्त मल्टीस्टोरी चैंबर्स बनवा रही है। उन्होंने डीएम व तहसील कोर्टों में लंबित मामलों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की अपील करते हुए कहा कि पीड़ितों को बार-बार आने से राहत मिलनी चाहिए। उसे न्याय का अहसास होना चाहिए।जनहित में आंदोलन से संकोच नहीं किया गोरखपुर के अधिवक्ताओं नेगोरखपुर के अधिवक्ता संगठनों से 30 वर्ष के अपने नजदीकी संबंध का उल्लेख करते हुए सीएम योगी ने कहा कि अत्यधिक व्यस्तताओं के बावजूद यहां के अधिवक्ताओं ने जनहित व विकास के मुद्दे पर उनके साथ आंदोलन करने में तनिक भी संकोच नहीं किया।

कलेक्ट्रेट में बनने जा रहा एकीकृत भवन

मुख्यमंत्री ने कहा कि 1908-09 में बने कलेक्ट्रेट भवन के जर्जर होने के कारण अब यहां एकीकृत कलेक्ट्रेट भवन बनने जा रहा है। इसकी डिजाइन और डीपीआर तैयार हो रही है। आगामी सौ वर्षों को ध्यान में रखकर यह यूपी का पहला ऐसा कलेक्ट्रेट भवन होगा जहां एक ही छत के नीचे सभी अधिकारी बैठकर जनता की समस्याओं का समाधान करेंगे। इसमें अधिवक्ता संगठनों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

तकनीकी से जुड़ना समय की मांग

सीएम योगी ने अधिवक्ताओं को तकनीकी से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि यह समय की मांग है। इससे पीड़ित को न्याय दिलाने में सुविधा व सहूलियत मिलेगी। कलेक्ट्रेट में बनने जा रही डिजिटल लाइब्रेरी तकनीकी को बढ़ावा देने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया का अहम हिस्सा है।

कलेक्ट्रेट की पुरानी लाइब्रेरी का होगा जीर्णोद्धार

मुख्यमंत्री ने कलेक्ट्रेट की 109 साल पुरानी लाइब्रेरी के जीर्णोद्धार को लेकर डीएम से प्रस्ताव भेजने को कहा। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी नया संदेश देने के साथ ज्ञान से समृद्ध करती है। 109 साल पुरानी लाइब्रेरी विरासत है और इसके संरक्षण और भावी पीढ़ियों की स्मृतियों में इसे बसाए रखने के लिए अपने स्तर पर भी प्रयास करने की आवश्यकता है।

कलेक्ट्रेट परिसर से जुड़े अपने आंदोलनों को याद किया सीएम ने

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कलेक्ट्रेट परिसर से जुड़े अपने विभिन्न आंदोलनों को भी याद किया। कहा कि इसी परिसर में एम्स, खाद कारखाना, इंसेफेलाइटिस, बिजली कटौती, जलजमाव आदि समस्याओं को लेकर उन्होंने कितने आंदोलन किए थे। उन आंदोलनों में समाज के सभी तबके के लोग, अधिवक्ता संगठन, व्यापारिक संगठन, सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन, भाजपा एवं हिन्दू संगठनों के लोग बढ़चढ़कर साथ निभाते थे।ह्व इंसेफेलाइटिस को लेकर मेडिकल से कलेक्ट्रेट और कमिश्नरी तक कई बार पदयात्राएं निकाली गईं। आज इंसेफेलाइटिस नियंत्रण से आंदोलन की वह साधना सिद्धि में बदल गई है।

संक्षेप

सड़क दुघर्टना में आंगनबाड़ी कार्यकत्री घायल

गोरखपुर। सहजनवां थाना क्षेत्र स्थित के ग्राम सभा महराबारी निवासी सरोजा देवी पत्नी रामकेश अपने गांव के पास सड़क पास दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई है। वह आंगनबाड़ी कार्यकत्री है और सड़क के पटरी पर खड़ी होकर आटो का इंतजार कर रही थी, उन्हें मीटिंग में जाना था। इसी दौरान तेज रफ़्तार बाइक सवार युवक ने जोर दार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इनके पैर में फैक्चर हो गया है। घर वाले प्राइवेट वाहन की मदद से संतकबीरनगर नगर के एक निजी अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया है।

बंधक बनाकर नाबालिग से दुष्कर्म करने का आरोप

गोरखपुर। सहजनवां थाना क्षेत्र स्थित के एक गांव की रहने वाली नाबालिग लड़की घर वालों ने सोमवार को अपराह्न 2.00 बजे थाने पर तहरीर देकर गांव के कुछ लड़कों पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। सभी का कहना है कि रविवार की रात लड़की टहलने निकली तो गांव के दबंग लड़कों ने जबरन उसे कमरे में बंद कर मुह काला किया। उलाहना देते पर घर वालें फौजदारी पर आमादा हो रहें हैं। उस समय घटना की सूचना 112 नंबर पुलिस को भी दी गई थी। उक्त संदर्भ में थाना प्रभारी सहजनवा महेंद्र मिश्रा ने कहा कि मामले की जांच की गई, तो फर्जी पाया गया है।

बागपत में पुलिस ने 2 वाहन चोरों को किया गिरफ्तार

चोरी की 5 बाइक बरामद, पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज, तमंचा-कारतूस मिले

बागपत, बागपत की चांदीनगर पुलिस ने अंतरजनपदीय वाहन चोरों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनके कब्जे से अलग-अलग स्थानों से चोरी की गई 5 बाइक भी बरामद हुई हैं। फिलहाल पुलिस इनके अन्य साथियों की तलाश में जुटी है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ है। अभियुक्तों पर बागपत जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। बागपत में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस निरंतर अपराधियों की धरपकड़ के लिए चेकिंग अभियान चला रही है। पुलिस के हाथ चेकिंग अभियान के दौरान बड़ी सफलता लगी, जहां चांदीनगर पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से चोरी की गई 5 बाइक भी बरामद हुई हैं। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 1 तमंचा और 1 जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। गिरफ्तार आरोपी मनीष निवासी ढिकोली और संदीप उर्फ कालू निवासी बड़ागांव को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी मनीष पर पहले से दो आपराधिक मामले दर्ज हैं और गिरफ्तार अभियुक्त संदीप उर्फ कालू पर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पूर्व में 8 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

किशोर की तालाब में डूबने से हुई दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद, फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद थाना कस्बे का है जहां के मोहल्ला लालू गंज निवासी दीपू सोनकर की बहन का लड़का प्रशांत ननिहाल में रहकर शिक्षा ग्रहण करता था एवं व्यापार भी करता था 30/31 जुलाई की रात को अचानक प्रशांत गायब हो गया.। परिजनों को जैसे ही पता चला परिजनों ने तुरंत पीआरवी एवं स्थानीय पुलिस को किशोर के गायब होने की जानकारी दी। काफी खोजबीन करने के बाद किशोर का नहीं चला पता सवेरा होते ही घर से लगभग 200 मीटर की दूरी पर बने हुए तालाब में स्थानीय लोगों को कुछ तैरता हुआ दिखाई पड़ा तभी परिजन, पुलिस एवं स्थानीय लोगों ने तालाब में उतर देखा तो प्रशांत का उतराता हुआ शव मिला। इस घटना से परिवारजनों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

नहीं होने देंगे किसी के साथ अन्याय : सीएम योगी

जनता दर्शन में 400 लोगों की समस्याएं सुनीं मुख्यमंत्री ने, निराकरण के दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। सीएम योगी ने उक्त निर्देश सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 400 लोगों से मुलाकात की। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होने पाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। जनता दर्शन में कुछ लोगों की रोजगार संबंधी समस्या पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक भरोसा देते हुए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

पुलिस की सतर्कता से बचा एक लव जेहाद

चौकी इंचार्ज उनवल ने महज 6 घंटे में आरोपी को दबोचा

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। खजनी थाने की उनवल चौकी अंतर्गत कस्बा संग्रामपुर उनवल नगर पंचायत क्षेत्र के निवासी एक हिंदू परिवार की नाबालिग किशोरी को कस्बे का ही निवासी रहमत अली का पुत्र अशर्फी 20 वर्ष बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। किशोरी के परिजनों ने पुलिस को तत्काल घटना की सूचना दी। चौकी इंचार्ज उनवल राजेश कुमार यादव ने तत्काल मुकदमा पंजीकृत कर मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपी और किशोरी की तलाश शुरू कर दी पुलिस की कोशिश रंग लाई और आखिरकार 6 घंटे के भीतर दूसरे जिले की ओर जाने की फिराक में तैयार आरोपी और नाबालिग किशोरी को पुलिस में नाटकीय ढंग से कस्बे के छोर पर स्थित आमी नदी पर बने जरलही पुल के समीप से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी युवक को गिरफ्तार करने और किशोरी को सकुशल बरामद करने वाली पुलिस टीम में मौजूद लेडी कांस्टेबल मंजुला शुक्ला कांस्टेबल ओम प्रकाश सिंह और चौकी इंचार्ज को किशोरी के परिजनों ने रुधे कंठ से ढेर सारी दुआएं दी।

डीडीयूजीयू में एनएसएस के द्वारा सड़क सुरक्षा रैली का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। राष्ट्रीय सेवा योजना दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के तत्वाधान में आज सड़क सुरक्षा रैली निकाली गई जागरूकता रैली कार्यक्रम समन्वयक के निर्देशन में जागरूकता रैली विश्वविद्यालय प्रांगण होते हुए मुख्य द्वार के रास्ते तारा मंडल तक गई। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत कार्यक्रम समन्वयक डॉ जितेंद्र कुमार ने कहा कि हम सभी अपने दैनिक जीवन में आवागमन के लिए सड़कों का इस्तेमाल करते हैं। इसलिए सड़कों पर पैदल चलते समय या वाहनों को चलाते समय हमें सड़क सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए। सड़क सुरक्षा के लिए कुछ नियम बनाए गए हैं जिनका पालन करके हम सड़क सुरक्षा को बनाए रख सकते हैं। सड़क सुरक्षा का मतलब उन नियमों का पालन करना है । हमारा भारत देश सबसे अधिक आबादी वाला देश है जहां पूरे दिन सभी सड़कें व्यस्त रहती हैं और वाहन अपनी तेज गति से चलते हैं. आज की दुनिया में लोगों को अपने निजी वाहनों की आदत हो गई है, जिससे सड़कों पर ट्रैफिक की समस्या पहले से ज्यादा बढ़ रही है। ऐसे में लोगों को सुरक्षित ड्राइविंग के लिए यातायात नियमों यातायात नियम और सड़क सुरक्षा नियमों का सावधानीपूर्वक पालन करने की आवश्यकता है, तभी सड़क दुर्घटनाओं पर काबू पाया जा सकता है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारीगण तथा छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ जितेंद्र कुमार ने सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया।

सावन के चौथा सोमवार को श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली के शिव मंदिरों, कररिया, पाली, वेलौरा, तख्था, मकरहट में देखने को मिली श्रावण मास के चौथा सोमवार को श्रद्धालुओं ने शिवालयों में जलाभिषेक कर पूजन-अर्चन किया। शिव मन्दिरों पर लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। ऐसा नजराना विकास खंड पाली के शिव मंदिरों- कररिया, पाली, वेलौरा, तख्ता, मकरहट में देखने को मिली। बाबा भोलेनाथ के शिव लिंग पर जल चढ़ाने के लिए स्त्री-पुरुष, बाल- बालिकाएं, युवक-युवतियां लंबी कतार में खड़ी रह कर अपने बारी का इन्तजार करतीं रहीं। तख्था शिव मंदिर के पुजारी पारसनाथ गोस्वामी ने कहा कि- भगवान शिव को सावन माह अत्यंत प्रिय है। क्योंकि माता पार्वती ने इसी माह में कठोर तप करके भगवान शिव को प्रसन्न कर लिया और आगे चलकर उनका उन्हीं से विवाह हो गया था। पौराणिक मान्यता के अनुसार सावन माह में शिव-पार्वती के साथ होने से यह महीना भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है।

एनडीआरएफ ने एनसीसी कैडेट्स को दिया आपदा प्रबंधन की जानकारी

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। आपदा जोखिम न्यूनीकरण के अंतर्गत आपदा से बचाव एवं प्रबंधन के लिए विभिन्न संस्थानों और हित धारको को सशक्त बनाने के लिए एनडीआरएफ की टीम लगातार मॉक अभ्यास, क्षमता निर्माण कार्यक्रम व जन जागरूकता अभियान चला रही है। साथ ही शिक्षण संस्थानों में आपदा से बचाव के लिए स्कूलों में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी कड़ी में 162 शिविर कैंप 46 बटालियन एनसीसी गोरखपुर में सोमवार को 11 एनडीआरएफ के उपमहानिरीक्षक श्री मनोज कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में गोरखपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय नेपाली छात्रावास कैंपस में रीजनल रिस्पांस सेंटर (आरआरसी) गोरखपुर के *उप कमांडेंट श्री संतोष कुमार* के नेतृत्व में एनडीआरएफ के निरीक्षक सुधीर कुमार ने एनसीसी कैडेट्स को आपदा के समय किए जाने वाले बचाव के तरीके के बारे में बताया। एनडीआरएफ के प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम द्वारा सीपीआर, गले में फंसी बाहरी वस्तु के निकालने के तरीके, शारीरिक चोटों का अस्पताल के पूर्व उपचार, तात्कालिक स्ट्रेचर बनाना, लिफ्टिंग और मूविंग के तरीके, इंप्रोवाइज्ड फ्लोटिंग डिवाइस(राफ्ट) बनाना, सड़क सुरक्षा हीटस्ट्रोक से बचाव के बारे में जागरूकता आदि विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित एनसीसी के छात्रों को अभ्यास कराया गया जिसमें एनसीसी के कर्नल वीके शर्मा (सेना मैडल), लेफ्टिनेंट कर्नल वीपीएस पटियाल, सूबेदार मेजर अमित राणा एवं एनसीसी के अन्य अधिकारीगण और 478 कैडेट्स मौजूद रहे।

विदाई समारोह में अपने सुखद पलों को याद कर भावुक हो गई एएनएम मिथिलेश सिंह

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठरापार में सेवा एएन एम मिथिलेश सिंह एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता थे। विदाई समारोह में अपने सहयोगियों और वरिष्ठ जनों के प्यार भरे सुखद पलों को याद कर भावुक हो गई एएनएम मिथिलेश सिंह । गला रूंध गया आंखों छलक आई। कुछ चाह कर भी बोल रही सकीं। हाथ जोड़कर केवल लोगों धन्यवाद किया। विदाई समारोह की आयोजन कर्ता -संगिनी ऊषा सिंह ने कहा कि- महिलाओं का हृदय और स्वभाव बहुत बहुत कोमल होता है। बच्चों और महिलाओं के बीच रहकर एएनएम मिथिलेश सिंह ने अपने मृदुभाषी स्वभाव के साथ जो सेवा दिया है, उसे हमेशा लोग याद रखेंगे। सेवा निवृत्त नियमित सेवा से विश्राम का समय होता है। जो सरकारी नियमावली की एक प्रक्रिया है। स्वास्थ्य परिवार के वरिष्ठ सहयोगी सुशील कुमार शुक्ल और एएनएम इन्द्रा पाण्डेय ने कहा कि अपने सेवा साथियों के बीच नियमित न रह पाने का कष्ट तो होता है। पर मनुष्य एक एक निश्चित उम्र के बाद शारीरिक रूप से थक जाता है। सेवा निवृत्त भी आवश्यक है। एएनएम मिथिलेश सिंह अपने कार्य के प्रति हमेशा सजग रहती थी। उनकी सेवा में आध्यात्मिकता छलकाती थी । उनका कहना था कि ईश्वर ने हमें सेवा का अवसर देकर अपनी सेवा का सुखद अवसर भी दिया है। लोगों की सेवा ही उनकी सच्ची सेवा है। सभा में अनेकों आशा कार्यकताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए और एएनएम मिथिलेश सिंह के साथ सुखद सेवा के पलों को याद किया। उक्त अवसर पर सुशील कुमार शुक्ल, संगिनी उषा सिंह, आशा-रीता देवी, संगीत, इंद्रा पाण्डेय, शुभावती देवी, जकरूल्ला, अंजनी कुमार, रवि राज, अनुपम सैनी, मालती देवी, कविता देवी, श्यामा देवी, लखपति देवी, शकुंतला, नूरजहां, विमला देवी समेत कई लोग मौजूद थीं।

छत की राह निहार रहे गरीब परिवार

जिम्मेदारों पर लगाया वसूली का आरोप

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के विकासखंड विजयीपुर के ग्राम पंचायत गुरूवल मे प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत निर्धारित लक्ष्य 2022 23 अंतर्गत कुछ निहायत गरीब परिवारों को पीएम आवास योजना से लाभान्वित किया गया था, जिनको अभी तक पूर्ण धनराशि की प्राप्ति नहीं हो सकी, अर्ध निर्मित मकानों में पूरी धनराशि न मिलने से गरीबों के आशियाने के छतो का निर्माण नहीं हो पीएम आवास मिलने के बाद भी बारिश के समय अर्ध निर्मित मकान में पननी डालकर गुजारा करना पड़ रहा है, अत्यधिक पिछड़ा ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण हम लोगों की बात उच्चाधिकारियों तक नहीं पहुंच पा रही। वही पीड़ित परिवार ने आरोप लगाते हुए कहां की ग्राम प्रधान द्वारा 2020 हजार रुपए वसूली कर ली गई है जिसकी वजह से छतौ का निर्माण नहीं हो पा रहा, सोशल मीडिया पर लाभार्थियों द्वारा वसूली का लाइव वीडियो वायरल होने की सूचना पर जिम्मेदारों में हड़कंप मच गया,

भव्य श्रृंगार के साथ भगवान शिव की आराधना में जुटे शिवभक्त

अधिक मास के द्वितीय सोमवार में भक्तों में दिखा भारी उल्लास

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। भगवान भोलेनाथ के पवित्र अधिक श्रावण मास के द्वतीय सोमवार को चांदपुर में अखंड सिद्ध पीठ श्री गूढेश्वर धाम में हजारों की संख्या में महिलाओं एवं भक्तों ने हर-हर महादेव का जयघोष करते हुए पूजा अर्चना की कस्बा मुख्यालय स्थित बाबा बैजनाथ धाम मल्लिकार्जुन धाम दपसौरा गांव में फलतेश्वर धाम समेत भगवान भोलेनाथ के विभिन्न दरबारों में भूत भावन भगवान शंकर की पूजा अर्चना एवं दर्शनों के लिए भारी संख्या में महिलाओं एवं भक्तों का प्रातः काल से ही तांता लगा रहा इस दौरान सुमधुर संगीतमय भजनों के साथ भक्तों के जयकारों से मंदिर प्रांगण गुंजायमान रहे कस्बा स्थित बाबा बैजनाथ धाम में आचार्यों ने भगवान भोलेनाथ की महिमा का वर्णन एवं मंत्रोच्चारण करते हुए मुख्य यजमान प्रीति शुक्ला एवं कृष्ण दत्त शुक्ला समेत उपस्थित भक्तों से भगवान भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार करवाया सायं कालीन की बेला पर महिलाओं एवं भक्तों ने महा आरती के पश्चात मुख्य यजमानो ने सैकड़ों की संख्या में उपस्थित भक्तों एवं राहगीरों को भगवान भोलेनाथ का प्रसाद वितरित किया मंदिर प्रांगण में आयोजित सुमधुर संगीतमयी भजनों का आनंद भक्तों नें लिया इस मौके पर मुख्य रूप से माला ओमर सुदामा अपूर्वा शीला संजोली आकांक्षा नैनी उमा अंजू प्राची श्रेया दिनेश चंद्र अनिल कुमार ओमर माया ओमर अजय पप्पू ओमर हनी शिवम विष्णु शिखर शुभम शिवदत्त शुक्ला कुलदीप तिवारी उमेश त्रिवेदी रामदास किशन दुबे समेत सैकड़ों की संख्या में महिलाओं एवं भक्तों ने पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया इस दौरान गूढेश्वर अखंड धाम समेत भगवान भोलेनाथ के विभिन्न दरबारों में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थाना इंचार्ज अखिलेश यादव चौकी इंचार्ज संदीप तिवारी दिलीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल की मौजूदगी रही ।

Scanned by TapScanner

चोरों ने दो घरों से चुराए लाखो के जेवर और नगदी, तीसरे मकान में घुसे तो परिवार के जागने पर भागे

अमन लेखनी समाचार

कानपुर। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के गोपालपुर गांव में चोरों ने रात में आतंक मचाया दो घरों में छत से चढ़कर बक्शो का ताला तोड़कर 25 हजार सात सौ रूपए नगदी और 1लाख 1 हजार जेवरात चोरी कर ले गए।

गोपालपुर गांव निवासी नरेश ने बताया की गांव बाहर खेतो मे मकान बनाकर सात वर्षो से रह रहा है। वह बाहर मैदान में चारपाई पर सो रहा था पत्नी शांति देवी और बेटी भी वही सो रही थीं। बाहर का दरवाजा की कुंडी बंद थीं ताला नही लगा था । रात में अज्ञात चोर घर में कुंडी खोलकर घर में घुसकर कमरे में रखे बक्से को उठा ले गए। जो काफी दूर रामप्रकाश के खेत में सुबह पड़ा मिला है। जिसमे कपड़े और बीमा के कागज छोड़कर बाकी उसमे रखे 15 हजार रूपए नगद और पायल, माला, तीन जोड़ी तोड़िया, और चांदी का सिक्का ले गए है । जिसकी कीमत 36 हजार है। बताया की बेटा ओम सिंह ट्रक चलाता है मंगलवार को घर आया था तो खेती बुआई के लिए नगद रुपए दे गया था । वो भी सब चोरी कर ले गए। वही पास में माधव सिंह का नलकूप बना जिसमे उनके भाई बलराम ने बताया कि बाहर बरामदे में सो रहे थे। बाहर ही खूटी में उनके कपडे टंगे थे। जिसमे जेब में सात सौर रूपए पड़े थे। वो सुबह जेब में नही मिले टार्च भी तखत के नीचे रख कर सोएं थे। जो सुबह थोड़ी दूर रखी मिली है।

वही गांव के अन्दर गोपालपुर से लवरसी के लिए रास्ता गया है। वही किनारे आवास बनाकर रह रहे नरेंद्र सिंह की पत्नी रेनू ने बताया की पति जैनपुर में प्राइवेट सिक्योरिटी की नौकरी करते है। वो शाम को ड्यूटी पर चले गए थे। रात में सास मोना देवी के साथ छत पर जाकर सो गए। रात में चोर घर के बाहर खड़े नीम के पेड़ के सहारे छत में चढ़कर जीने से नीचे उतर गए। और फिर कमरे में रखे बक्से को खोलकर उसमें रखे दस हजार रूपए नगद, माला, झाला, 2 जोड़ी तोड़िया चोरी कर ले गए । जिसकी कीमत 65 हजार रुपए थी। सुबह जागकर अन्दर आई तो कपड़े वही कमरे में बिखरे मिले तो उनके होश उड़ गए । और परिजनो को जानकारी दी। इसके बाद पीछे खेतो के सहारे जाकर रोजगार सेवक मनोज के घर में छत के सहारे चढ़ गए। जीने का दरवाजा खुला था। मनोज ने बताया की मनरेगा का आडिट होना है। तो वह रात में 2 बजे कमरे मे बैठकर फाइल तैयार कर रहा था । अचानक आंगन में जल रहे बल्ब पर परछाई नजर आई तो उसे लगा कि पत्नी साधना छत से नीचे उतरकर आई है । फिर कमरे में कोई नहीं आया तो वह बाहर निकला तो देखा एक व्यक्ति उसके आंगन में खड़ा था वो भागकर जीना चढ़कर भागने लगा तो जीने में मोड़ होने की वजह से वह चोर गिर गया। फिर भागा तो पक्की छत पर जाकर उसका एक साथी और खडा था दोनो भागे और कच्ची छत से पीछे खेत में कूद गए। उनका पीछा करते हुए वह भी कूद गया रात में अधेरा होने के कारण दोनो भाग गए। पत्नी साधना ने बताया की जब नीचे से ऊपर आए तो उसका जो चोर साथी खडा था तो दोनो आपस में टकराकर गिर गए। उसके बाद फिर भागे है। उसके बाद मनोज ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची चौकी इंचार्ज देवीपुर रात में मौके पर पहुंचे और तलाश करते है। चौकी इंचार्ज केपी सिंह ने बताया की जानकारी पर रात में आए थे। तलाश करते रहे। सुबह 2 अन्य घरों में चोरी की जानकारी मिली है। बक्शा सुबह खेतो में बरामद हों गया है। जानकारी की जा रही है जल्द घटना का खुलासा किया जायगा।

देवीपुर चौकी पुलिस को लगातार चुनौती दे रहे चोर

देवीपुर पुलिस चौकी की पुलिस को चोर लगातार चुनौती दे रहे है। एक महीने में आधा दर्जन घरों को निशाना बनाकर लाखो का मॉल कर दिया है। पुलिस के अभी तक हाथ खाली है। कोई मामले का खुलासा नहीं कर पाई है। मोहम्मदपुर, मलासा के बाद अब गोपालपुर में घरों को निशाना बनाया है।

छत और नीम के पेड़ पर बने पैरो के निशान, नहीं लिए फिंगरप्रिंट

नरेश के घर से जो बक्शा खेतो में मिला उससे फिंगरप्रिंट लिए जा सकते थे। ग्रामीणों को जानकारी हुई तो उसको दूर से ही देखते रहे मौके पर पहुंचे देवीपुर चौकी इंचार्ज ने उसे उठवाकर घर पर भिजवा दिया। फिंगरप्रिंट नही लिए। नरेंद्र सिंह के छत पर चोर गए तो नीम के पेड़ पर पैर बने थे, मनोज की पक्की छत पर मिट्टी से पैर बने थे। जिसे पुलिस ने साक्ष्य के तौर पर संकलित करना उचित नहीं समझा।

14 लाभार्थियों को गोवंशों की कराई गई सुपुर्दगी

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के निर्देश पर जनपद में मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अंतर्गत गोवंश सुपुर्दगी का महाअभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषण मिशन में चिन्हित अति कुपोषित बच्चों व लाभार्थियों को दुधारू गोवंश की सुपुर्दगी कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि आज गो आश्रय स्थल रतापुर, टिकरी, सुमेरपुर, लहना, रतापुर, सरैयादुबान, नैनहा, वर्तली, कसारा व गोरखापुर से 14 गोवंश की सुपुर्दगी कराई गई। अभियान के अंतर्गत 45 गोवंश तथा अब तक कुल 385 गोवंशो की सुपुर्दगी कराई जा चुकी है। उन्होंने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने निर्देश दिए हैं कि प्रतिदिन कम से कम 15 गोवंश तथा एक सप्ताह में सभी दुधारू गोवंशों की सुपुर्दगी बाल विकास विभाग द्वारा अतिकुपोषित बच्चों के अभिभावकों व लाभार्थियों को करा दिया जाए।

जयहिंद नेशनल पार्टी और आप के पदाधिकारियों की हुई मुलाकात

वड़ोदरा। जनसंपर्क अभियान के तहत जयहिंद नेशनल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ आशीष श्रीवास्तव की अध्यक्षता में गुजरात के आम आदमी पार्टी के वड़ोदरा जिले के नेताओं एवं पदाधिकारियों से सार्थक राजनीतिक मुलाकात हुई। अशोक ओझा, प्रमुख, वड़ोदरा शहर, रियाज शेख, उपाध्यक्ष, भावेश आर्य, उपाध्यक्ष, सचिन मेकवान, शहर महामंत्री एवं अन्य नेतागण आप नेताओं में शामिल थे।

बेटे के साथ पिता राम नारायण भी जालसाजी में था शामिल

शुकुल बाजार, अमेठी थाना क्षेत्र के कई गांव के ग्रामीणों ने हांडा बाइक एजेंसी पर जालसाजी करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी ।जिसमें ग्रामीणों ने एजेंसी संचालक शिव बहादुर सिंह राजेंद्र बहादुर दुर्गेश पांडेय व आलम के ऊपर जालसाजी करने का आरोप लगाया था ।जबकि पुलिस ने एजेंसी पर काम करने वाले आरोपित एक्काताजपुर निवासी दुर्गेश पांडेय के 65 वर्षीय पिता रामनारायण पांडेय को भी अपनी तरफ से आरोपी बना दिया है ।जबकि शिकायतकताओं का कहना है कि वह इस व्यक्ति के नाम पर कोई तहरीर नहीं दी है ।वही पुलिस ने इस मामले को मानवीय त्रुटि करा देते हुए जांच की बात कह रही है। मामला जालसाजी से जुड़ा है। कस्बा स्थित हांडा कंपनी की अक्षय आटो सेल्स एजेंसी है। वहां लोगों को लालच देकर या फिर झांसा देते हुए उनकी आईडी लेने और उनके नाम पर अलग अलग बैंकों से बाइक लोन कराने को लेकर दर्जनों पीड़ितों ने पुलिस से शिकायत की। इनमें से उरेरमऊ निवासी द्वारिका भी है। उसने 25 जुलाई को एक तहरीर देकर एजेंसी मालिक शिव बहादुर,, राजेन्द्र उर्फ गुड्डू, मो आलम व दुर्गेश पांडेय पर जालसाजी का आरोप लगाया था। 25 जुलाई को जिस द्वारिका ने मात्र अपना दर्द लिखा था। उसी द्वारिका से 27 जुलाई को सात पीड़ितों का दर्द भी तहरीर में बयां किया ।थानाध्यक्ष तरुण पटेल कहते हैं कि मामला जालसाजी से संबंधित है। रिपोर्ट दर्ज करते समय ध्यान देना चाहिए। यदि आरोपित का पिता अनजाने में आरोपित बन गया है तो जांच कर कार्रवाई होगी।

हजारों कावड़ियों ने बेतवा नदी से जल भरकर किया भोलेनाथ का जलाभिषेक

अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव

गरौठा, झाँसी। श्रावण मास के चौथे सोमवार को गरौठा व गुरसराय क्षेत्र के हजारों कावड़ियाँ भक्तों ने प्राचीन नगरी एरच पहुंचकर पवित्र बेतवा नदी से जल भरकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया ।कसवा गरौठा व गुरसरांय से सुबह हजारों की संख्या में कावड़ियाँ भक्त एरच नगरी पहुंचे। काँबड़ यात्रा में पुरुषों के साथ साथ बड़ी संख्या में महिलाएं व बच्चे भी सम्मिलित हुए। काँबड़ यात्रा के दौरान भगवान शिव और माता पार्वती के स्वरूपों द्वारा किए गए मनमोहक नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। हर हर महादेव और बम बम भोले के उद्घोष के साथ शिवभक्ति में लीन होकर चल रही काँवड़ यात्रा से सारा वातावरण शिव भक्तिमय नजर आया। एरच पहुंचकर काबड़ियों ने वहां से निकली पवित्र बेतवा नदी से जल लिया और काँवड़ के साथ लगभग 30- 40 किलोमीटर की पैदल यात्रा की। इस दौरान काँबड़ियों का जगह जगह स्वागत किया गया एवं उन्हे जलपान कराया गया। इसके बाद कांबड़ियों ने अपने अपने निर्धारित स्थानों पर पहुंचकर विधि विधान से शिव मंदिरो में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। कसवा गरौठा के कांबडियो ने लखेरी नदी उस पार स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर पहुंचकर भगवान शिव की विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए जलाभिषेक किया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा द्वारा काँबड़ियों पर पुष्पवर्षा करते हुए स्वागत किया गया ।वही कसवा गुरसराय के काँवड़ियों ने भीमाशंकर महादेव कल्याण बाल विद्या मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया ।इस दौरान बड़ी संख्या में कसवावासी मौजूद रहे। काँबड़ यात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था देखने को मिली। उपजिलाधिकारी गरौठा श्वेता साहू, पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार चौरसिया सहित गरौठा, एरच व गुरसरांय के थाना अध्यक्ष पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे।

किसान पर्यावरण , जल संरक्षण चौपाल का आयोजन किया गया

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। किसान परिषद के तत्वावधान में आज पौराणिक परमहंस आश्रम (बाबागंज) में किसान पर्यावरण , जल संरक्षण चौपाल का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में उपस्थित किसान संगठन प्रतिनिधियों ने स्थानीय स्तर पर खेती किसानी में आ रही समस्याओं पर चर्चा परिचर्चा किया और क्षेत्र में बढ़ रहे अपवृस्ट (सूखा) समस्या को चिंताजनक बताते हुए इलाके में संचालित नहर व नलकूप नियमित संचालन की मांग उठाई तथा किसानों को उचित फसल क्षति किसान सम्मान निधि दिए जाने की मांग की। आयोजित भारतीय किसान परिषद के तत्वावधान में चौपाल को संबोधित करते हुए किसान परिषद प्रदेश संरक्षक संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि , किसानों के समस्याओं के समाधान व जल पर्यावरण संरक्षण के लिए ही किसान परिषद का गठन किया गया है। संगठन के तत्वावधान में जनपद के गांव गांव में किसान चौपाल का आयोजन कर विषमुक खेती , नशामुक्त गाँव विषयक अभियान को सफल बनाने के लिए जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है साथ ही कृषि विभाग , उद्यान विभाग , सहकारिता विभाग व कृषि आधारित अन्य विभागों से समन्वय व संवाद स्थापित कर किसानों की समस्याओं का निराकरण करने प्रभावी प्रयास किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष सरदार गुरुनाम सिंह ने कहा कि , खेती किसानी में पर्याप्त वर्षा ने होने से लगातार जटिलताओं का सामना करना पड़ रहा है इसके बावजूद ट्यूबवेल व नहरों में पर्याप्त पानी उपलब्ध न कराये जाने से खरीफ की फसल चौपट होती नजर आ रही है लेकिन जिला प्रशासन इन सब से बेखबर बना हुआ है शीघ्र ही नहरों व ट्यूबवेल का नियमित संचालन न शुरू किया गया तो बड़ा जन आंदोलन खड़ा किया जाएगा। जिला महामंत्री शिव पूजन सिंह ने बताया कि , क्षेत्र में किसानों के साथ सौतेला व्यवहार हो रहा है सामान्य किसानों को समय पर उर्वरक नही मिल रहा है न ही उनके उपज की सरकारी स्तर पर खरीद ही हो रही है किसानों को प्रशासनिक कर्मियों व अधिकारियों के कोपभाजन का शिकार होना पड़ रहा है इससे किसानों में स्वाभविक आक्रोश बढ़ रहा है। उन्होंने किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए जन जागरण अभियान चलाए जाने की बात तय की। कार्यक्रम का संचालन संगठन प्रवक्ता धीरेंद्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से किसान परिषद ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा , संरक्षक बद्री सिंह , कोषाध्यक्ष गब्बर वर्मा , प्रगतिशील कृषक छेदा खां , राजन सिंह आदि उपस्थित थे। समापन अवसर पर चरदा रेंज के वनाधिकारी पंकज साहू के नेतृत्व में परमहंस आश्रम परिसर में स्थित सरोवर के तट पर हरिशंकरी प्रजति के वृक्षों का रोपण कर पर्यवारण व जल संरक्षण का किसानों ने सामुहिक संकल्प लिया।

विदाई और सम्मान समारोह आयोजित

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। विकास खंड में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी दमयंती शर्मा सोमवार को सेवानिवृत्त हो गईं। सेवानिवृति के अवसर पर विकास खंड के सभागार में विदाई और सम्मान समारोह आयोजित किया गया। खंड विकास अधिकारी हरिश्चंद्र सिंह ने कहा कि दमयंती शर्मा ने स्थानीय होते हुए भी वर्तमान परिवेश में पंचायत प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों के क्रियान्वयन में उल्लेखनीय योगदान किया है। उनका कार्यकाल आदर्श रहा है। सभी पंचायत सचिव उनके अनुभव का लाभ जरूर लें। विकास अधिकारी विनय कुमार वर्मा ने कहा कि वर्तमान परिवेश में सकुशल सेवा निवृत्ति एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। सरकारी सेवा में आना और सेवानिवृत्ति एक शाश्वत प्रक्रिया है। उन्होंने अवकाश प्राप्त पंचायत सचिव दमयंती शर्मा के शेष जीवन के सुखद, निरोगी और समृद्ध मय होने की कामना की। ग्राम विकास अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष पांडेय ने कहा कि अवकाश प्राप्त ग्राम विकास अधिकारी दमयंती शर्मा ने निर्बाध गति से 23 वर्ष एक ही विकास खंड में सेवा की है। सरकारी सेवा में वह बहुत बड़ी उपलब्धि है ।वे बेदाग और स्वच्छ छवि की ग्राम पंचायत अधिकारी रही हैं। सभी कार्मिक अपनी पहचान अपने कार्यों से बनाएं, अपनी जिम्मेदारी के कार्यों के प्रति संवेदनशील रहें , गलतियां कम से कम हों। समाज में विश्वसनीयता कायम रखें। सभी कर्मचारी बेस्ट वर्क करें, कर्म से अपनी पहचान बनाएं ।जो बेहतरीन कर्मचारी है, वहीं संगठन का लीडर बनने का अधिकारी है। श्री पांडेय ने ग्राम विकास अधिकारी संघ की ओर से कर्मचारियों के हित में किए गए कार्यों का उल्लेख किया और कहा कि पिछले दस साल के भीतर उन्होंने सौ से अधिक पंचायत सचिवों को सहायक विकास अधिकारी के रूप में पदोन्नति दिलाई है। पंचायत सचिवों को अच्छा काम करने की नसीहत दी और कहा कि इगो ?कभी भी न रखें, अधिकारी को अभिभावक के रूप में मानते हुए कार्य सरकार को आगे बढ़ाएं। श्री पांडेय ने अवकाश प्राप्त दमयंती शर्मा के स्वस्थ और प्रसन्न जीवन की कामना की ।समारोह में ग्राम विकास अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सुभाष पांडेय ने खंड विकास अधिकारी विनय कुमार वर्मा और हरिश्चंद्र सिंह के साथ उन्हें स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। विकास खंड के सभी अधिकारियों और पंचायत सचिवों ने उन्हें उपहार और अंगवस्त्र प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन अवर अभियंता वी के सिंह ने किया। सहायक विकास अधिकारी मुइजुल्ला, ए डी ओ पंचायत रामदीन गौतम, ग्राम विकास अधिकारी दिलीप कुमार, संजय कुमार, मुकेश कुशवाहा, अखिलेश त्रिपाठी, हेमंत कुमार पाण्डेय, चंद्र शेखर, पवन कुमार, विपिन तिवारी, चंदन, लाल बहादुर सिंह, शबनम, कमलेश कुमारी अंजनी कुमार पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

खंड शिक्षा अधिकारी ने किया स्मार्ट क्लास का उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार

कानपुर देहात। रसूलाबाद विकासखंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय भीटी कुर्सी में खंड शिक्षा अधिकारी ने स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया इसके साथ ही ग्राम शिक्षा चौपाल का आयोजन भी किया गया। परिषदीय विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों को जागरूक करने हेतु प्राथमिक विद्यालय भीटी कुर्सी, प्राथमिक विद्यालय करनझाई और उच्च प्राथमिक विद्यालय के अभिभावकों को खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार सिंह, डाइट मेंटर विपिन शांत और एआरपी आशीष द्विवेदी के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी और एआरपी के द्वारा बच्चों को पुरस्कार स्वरूप शैक्षिक सामग्री भी वितरित की गई। खंड शिक्षा अधिकारी ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए शिक्षा की महत्वता तथा विद्यालय में बच्चों की नियमित उपस्थिति बढ़ाने पर जोर दिया। बच्चों के जीवन को उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए शिक्षा की महत्ता पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लास से आधुनिक तकनीकी के द्वारा नवाचारी शिक्षा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के द्वारा सभी बच्चों को निपुण बच्चे बनाने का सभी को प्रयास करना होगा। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि इस वर्ष सरकार द्वारा सभी बच्चों को समय से डीवीटी और पुस्तकें प्राप्त करा दी गई हैं अतः वह इनका सदुपयोग करते हुए अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजें। शिक्षा चौपाल में विभिन्न विद्यालयों से आए हुए शिक्षकों ने भी प्रतिभाग किया ।पुरस्कृत किए गए बच्चे एवं अभिभावक- आकृति कक्षा एक आयुष अवस्थी कक्षा तीन तथा प्रखर इनके अभिभावक सुनील कुमार अनिल कुमार तथा अश्विनी कुमार आदि उच्च प्राथमिक विद्यालय भीटी कुर्सी के पुरस्कृत छात्र एवं अभिभावक उपासना दिशा समर्थ शशांक अर्पित शनि आदि रश्मि क्रमशः अभिभावक शिवेंद्र लक्ष्मीकांत गोपेश संजू जय राम आदि को सम्मानित किया गया पीएस करंजाई के पुरस्कृत बच्चे शुभी रजनी दिव्या प्रिया तथा उनके अभिभावक क्रमशः रामचंद्र पुजारी सिंह व बलजीत तथा भूरा आदि को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सरिता पांडेय के द्वारा विद्यालय में स्मार्ट क्लास की व्यवस्था की गई है। स्मार्ट क्लास का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संकुल शिक्षक विजय कुमार, अरुण यादव, अतुल कुमार, इंद्र कुमार, प्रमोद तिवारी, विनोद कुमार, विनोद राजपुर, पूजा, प्रेम कुमार, अंकित आदि लोग उपस्थित रहे।

आरएलडी प्रमुख ने भाजपा के जोरदार विरोध के लिए तैयार रहने का विधायकों को दिया निर्देश

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली । मिशन 2024 को लेकर आरएलडी मुखिया जयंत चौधरी ने बड़ा प्लान बनाया है विधानसभा के मानसून सत्र में जनहित के मुद्दो को बड़े स्तर पर पार्टी उठाएगी। आरएलडी प्रमुख जयंत चौधरी ने अपने विधायकों के साथ दिल्ली आवास पर महत्वपूर्ण बैठक, महिलाओं, किसानों, गरीबों, बेरोजगारों के मुद्दे पर बीजेपी के खिलाफ और मुखर होगी , आरएलडी मुख में अपने विधायकों को निर्देश दिया है कि विधायक जनता के मुद्दो की गंभीरता समझें , विधायक बीजेपी के खिलाफ आर पार की लड़ाई की तैयारी में रहे बैठक में आरएलडी के 8 विधायक शामिल हुए । आरएलडी सोशल मीडिया को बीजेपी के खिलाफ बड़ा हथियार बनाएगी आरएलडी प्रमुख राज्यसभा सांसद जयंत चौधरी ने विधायकों को मूल मंत्र देते हुए कहा कि विधायक सोशल मीडिया पर और एक्टिव हों, विधायक और नेता, सोशल मीडिया के सहारे भी जनता की परेशानी की मजबूत आवाज बने आरएलडी नेता, जनता के प्रति जिम्मेदार बने । उक्त जानकारी आरएलडी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने दी।

छह सौ ग्राम चरस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

नानपारा, बहराइच। नानपारा पुलिस अधीक्षक जनपद बहराइच प्रशांत वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों एवं जुर्म जरायम मादक पदार्थ के रोकथाम एवं मादक पदार्थों की बरामदगी के दृष्टिगत चलाया जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी राहुल पांडेय नानपारा बहराइच के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार गौड़ नानपारा के कुशल नेतृत्व में टीम गठित करके 600 ग्राम चरस के साथ शिवाला बाग मोड़ के पास से अभियुक्त मोहम्मद परवेज अंसारी पुत्र अब्दुल रहीम निवासी पुरानी बाजार नानपारा जनपद बहराइच को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में माननीय न्यायालय रवाना किया गया ।

विद्यालय में सड़क सुरक्षा आभियान का हुआ आयोजन

रैली निकालकर लोगो को बिना हेलमेट वाहन न चलने की दिलाई शपथ

अमन लेखनी समाचार/अखण्ड प्रताप सिंह

कानपुर नगर। मलासा ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय पुलंदर में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान की रैली का आयोजन किया गया । जिसमे अध्यापकों ने छात्रों को सड़क सुरक्षा के नियमो को अवगत कराया। उच्च प्राथमिक विद्यालय से अध्यापकों और बच्चों ने रैली निकालकर गांव में भ्रमण किया और लोगो को बिना हेलमेट बाइक न चलाने की शपथ दिलाई। जिसमे स्कूल और गांव में रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया सहायक अध्यापक शैलेंद्र सचान ने कहा कि सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान सड़क सुरक्षा पकवाड़ा चलाया जा रहा है ।जिसमे गांव के बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियम बताए गए। बच्चो से कहा कि अपने पिता, भाई अगर बिना हेलमेट बाइक से कही जा रहे हो तो उन्हे याद दिलाए और हेलमेट लगाकर ही जाने दे। सड़क सुरक्षा बहुत जरूरी है । क्योंकि आपका परिवार घर पर आपके वापस आने का इन्तजार कर रहा होता है इस मौके पर सहायक अध्यापक दिव्य द्विवेदी , हेमलता यादव, गणेश अवस्थी, हाशमी बेगम आदि लोग मौजूद रहे।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक–
श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक –
रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com

Scanned by TapScanner

सुपरस्टार पापा के फ्लॉप बेटे साबित हुए महाअक्षय

मुंबई। अपने जमाने के दिग्गज कलाकारों में शुमार मिथुन चक्रवर्ती ने सफलता की तमाम सीढ़ियां चढ़ीं, लेकिन उनके बेटे महाअक्षय चक्रवर्ती यानी मिमोह चक्रवर्ती अपने पिता जितनी कामयाबी हासिल नहीं कर सके। यहां तक कि नाम बदलना भी उनके काम नहीं आया। 30 जुलाई 1984 के दिन मुंबई में मिथुन चक्रवर्ती और योगिता बाली के घर जन्मे महाअक्षय का असली नाम मिमोह चक्रवर्ती है। बता दें कि महाअक्षय को एक्टिंग का ककहरा बचपन से ही सीखने को मिलने लगा था। उनके पापा मिथुन अपने जमाने के सुपरस्टार रहे तो मां योगिता बाली ने भी तमाम फिल्मों में अपनी अदाकारी के जलवे दिखाए थे।

लाइफ Style

कंगना

'डेटिंग के लिए मेरे आगे गिड़गिड़ाया था..'

कंगना रनौत और ऋतिक रोशन के अफेयर ने खूब चर्चाएं बटोरी थीं बाद में दोनों का विवाद कोर्ट तक भी पहुंचा। हालांकि इन सब से दूर अब फिर कंगना ने इस कथित अफेयर का खुलासा किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जब किसी ने कंगना से पूछा कि कोई शख्स ये दिखावा करके लोगों को ठग रहा है कि वो कंगना का रिप्रजेंटिव है। इस पर एक्ट्रेस ने कई पोस्ट के माध्यम से लोगों को बताया कि उन्हें भी एक बार किसी ने ये दिखावा करके ठग लिया था कि वो ऋतिक रोशन है। कंगना रनौत ने एक और एक्टर को घसीटा (बिना नाम लिए) और कहा कि वो डेट करने के लिए उनके आगे गिड़गिड़ाए थे। कंगना रनौत ने लिखा, एक और सुपरस्टार जो वुमेनाइजर के तौर पर जाना जाता है, मेरे घर पर आया और मुझसे उसके साथ डेट करने के लिए रिक्वेस्ट करने लगा। कंगना ने लिखा कि वो अलग-अलग नंबरों से उनसे बातें करने की कोशिश करते हैं। कंगना ने अपनी इंटाग्राम स्टोरी में पोस्ट किया, फिल्म माफिया हमेशा आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहा है, जिस सुपरस्टार को मैंने डेट किया था, उसने बाद में खुलासा किया कि मैं उसके धोखेबाज को डेट कर रही थी। वो मुझसे चैट करने के लिए अलग-अलग नंबरों और अकाउंट्स का इस्तेमाल करता था, उसने मेरा अकाउंट भी हैक कर लिया। गलत तरीके से इसे चलाया, मुझे लगा कि तलाक ले रहे हैं, लेकिन बाद में मुझे पता चला कि उनका इन सब से कोई लेना देना नहीं था।

हॉलीवुड मसाला

6 लाख में बनी फिल्म छापे 800 करोड़

मुंबई। पिछले कुछ बरसों में ऐसी कई कम बजट वाली फिल्में आई हैं जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद से बढ़कर सफलता हासिल की। भारत और विदेशों दोनों में, कई छोटे बजट की फिल्में ब्लॉकबस्टर बन गई हैं, जो बड़े बजट और स्टार्स वाली फिल्मों को समय-समय पर टक्कर देती आ रही हैं। साल 2007 में रिलीज हुई इस फिल्म का नाम 'पैरानॉर्मल एक्टिविटी' था। इसे ओरेन पेली ने प्रोड्यूस और डायरेक्ट किया था। उन्होंने ही इस फिल्म की कहानी को भी लिखा था।

लाइव कॉन्सर्ट में मशहूर सिंगर पर फेंकी गई ड्रिंक

लॉस एंजिलस। लाइव कॉन्सर्ट में अकसर फैंस स्टार्स के साथ कुछ ऐसा कर देते हैं, जिससे अजीबोगरीब स्थितियां पैदा हो जाती हैं। हाल ही में मशहूर रैपर कार्डी बी के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ। एक म्यूजिक कार्यक्रम में एक शख्स ने कार्डी बी पर ड्रिंक फेंक डाली। लेकिन कार्डी बी ने तुरंत इसका ऐसा जवाब दिया, जो अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। कॉन्सर्ट के दौरान किसी शख्स ने भीड़ में से कार्डी बी के चेहरे पर ड्रिंक फेंकने की कोशिश की। कार्डी बी ने गुस्से में तुरंत रिएक्शन दिया और अपना माइक्रोफोन भीड़ में खड़े शख्स के चेहरे पर फेंककर मारा। बताते चलें कि कार्डी बी अपने हिट गाने होडक येलो पर परफॉर्म कर रही थीं।

किन्नर अवतार में उड़ाया गर्दा...

नई दिल्ली। बॉलीवुड की दीवा और दमदार एक्ट्रेस सुष्मिता सेन लगातार शोबिज में एक्टिव हैं। एक्ट्रेस ओटीटी से लेकर बड़े पर्दे पर खूब धमाल मचा रही हैं। आर्या जैसी ब्लॉकबस्टर वेब सीरीज के बाद अब सुष्मिता सेन अपकमिंग सीरीज 'ताली' को लेकर चर्चा में हैं। ये फिल्म एक बायोपिक है। इसमें एक्ट्रेस फेमस ट्रांसजेंडर और एक्टिविस्ट गौरी सावंत की भूमिका निभाती नजर आएंगी। सुष्मिता पहले ही इस फिल्म का पोस्टर रिलीज कर चुकी थीं। इसमें एक्ट्रेस का फर्स्ट लुक खूब वायरल हुआ था। अब 'ताली' का टीजर रिलीज हुआ है जिसमें कहानी की एक झलक देखने को मिली है। सुष्मिता सेन स्टारर 'ताली' के टीजर के साथ इसकी रिलीज डेट की भी घोषणा की गई है। मेकर्स के मुताबिक, ये फिल्म भी अगले महीने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 15 अगस्त को रिलीज होगी।

18 साल पहले शादी अब ले रहे तलाक

मुंबई। फरदीन खान ने अपनी एक्टिंग के दम पर बॉलीवुड में एक अलग पहचान बनाई है, लेकिन फिलहाल उनकी पर्सनल लाइफ में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। हाल ही में फरदीन खान को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। कहा जा रहा है कि फरदीन काफी समय से अपनी पत्नी नताशा माधवानी से अलग रह रहे हैं। अब दोनों के बीच दूरियां इतनी बढ़ गई हैं कि मामला तलाक तक पहुंच गया है। बता दें नताशा 80 के दशक की मशहूर अदाकारा मुमताज की बेटी हैं। दोनों ने लैविश अंदाज में एक-दूसरे से शादी रचाई थी। साथ ही दोनों के दो बच्चे भी हैं। बता दें कि 2015 में फरदीन और नताशा ने धूमधाम से शादी की थी। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो जहां फरदीन मुंबई में रहते हैं तो वहीं नताशा अपनी मां के साथ लंदन में रहती हैं।

टीवी मसाला

बिग बॉस ओटीटी 2 के बाद पुनीत इस विवादित शो में लेंगे एंट्री...

नई दिल्ली। सोशल मीडिया सेंसेशन पुनीत सुपरस्टार ने वो पहले कंटेस्टेंट हैं जिसे बिग बॉस से पहले ही दिन एविक्ट किया गया हो। पुनीत ने इस शो में कुछ ऐसा कर दिया था कि सभी घरवाले उनके खिलाफ हो गए थे। सलमान खान ने पहले ही दिन उन्हें घर से बाहर का रास्ता दिखा दिया था जिसके बाद इस शो की टीआरपी काफी कम हुई थी। इन सब के बाद अब पुनीत सुपरस्टार एक नए शो का हिस्सा बनने जा रहे हैं। दरअसल वो कोई और शो नहीं बल्कि कंगना रनौत का 'लॉकअप सीजन 2' है। पुनीत ने खुद इस बात को कंफर्म किया है। साथ ही सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर ने कंगना रनौत को प्रपोज भी किया है। बता दें पुनीत ने बिग बॉस ओटीटी 2 में जाकर खूब लाइमलाइट बटोरी थी। शो से निकलने के बाद भी वो खासी चर्चाओं में रहे। हाल ही में उनका 3 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स वाला इंस्टाग्राम अकाउंट भी डिलीट हो गया है। जिसके बाद वो काफी उदास थे। पुनीत ने कहा इसीलिए वो ये अनाउंसमेंट कर रहे हैं।

लॉकअप 2 में पुनीत लेंगे एंट्री

पुनीत सुपरस्टार अब 'लॉकअप 2' में कंटेस्टेंट के तौर पर नजर आने वाले हैं। खुद पुनीत ने इस बात को कंफर्म किया है। जिसके बाद उनके फैंस खासा एक्साइटेड हो गए हैं। पुनीत ने इस बात का ऐलान किया। उन्होंने कहा, 'वैसे मुझे बताने से मना किया गया था, लेकिन मैं यहां पर अनाउंस कर देता हूं। मुझे कोई दिक्कत नहीं है। दरअसल, मैं अब लॉक अप में आने वाला हूं। लॉकअप की तरफ से मेरे पास कई दिनों से ऑफर आ रहा था। अब मैं बहुत जल्द लॉक अप में जाने वाला हूं। आप लोग मुझे वहां देखने वाले हैं।

कंगना रनौत को किया प्रपोज

इसके साथ ही पुनीत ने कंगना को लेकर कहा, 'सामने कंगना जी बैठी होंगी। जैसे ही मैं शो में एंट्री लूंगा, सबसे पहले मैं यही बोलूंगा कि कंगना जी मैं आपसे बहुत ज्यादा प्यार करता हूं। आप भी मुझसे बहुत ज्यादा प्यार करती हो और उसके बाद प्यार हो जाएगा, हमारी शादी हो जाएगी और हमारे जैसे दो गोरे बच्चे होंगे।

गुरु रंधावा का यू टॉकिंग टू मी रिलीज..

मुंबई। जानेमाने गायक गुरू रंधावा का नया गाना यू टॉकिंग टू मी रिलीज हो गया है। यू टॉकिंग टू मी गाना भूषण कुमार द्वारा निर्मित किया गया है। भूषण कुमार ने कहा, गुरु हमारे म्यूजिक इंडस्ट्री के सबसे बेहतरीन कलाकारों में से एक हैं। वे हमेशा अपने श्रोताओं के समक्ष कुछ अनोखा पेश करने की कोशिश करते हैं। और इस बार भी उन्होंने यू टॉकिंग टू मी के साथ अपने संगीत को एक पायदान ऊपर ले लिया है और मुझे यकीन है कि संगीत प्रेमी इस ट्रैक का आनंद लेंगे। गुरु रंधावा ने कहा, रॉबर्ट डी नीरो मेरे पसंदीदा में से एक रहे हैं। जब मैंने यू टॉकिंग टू मी बनाने का फैसला किया, तो ऐसा लगा जैसे यह महान को ट्रिब्यूट देने का सही मौका है। साथ ही मैं अपने प्रशंसकों के समक्ष कुछ नया और रोमांचक भी लाना चाहता था। जैसे ही इस गाने का पहला बीट रिलीज किया गया तब से ये एहसास हो गया था कि इस गाने में अनकंडीशनल फील और वाइब है। इस गाने को सभी लोग एंज्वॉय करेंगे।

बॉलीवुड में तीन बार रिजेक्ट हुई थीं मंदाकिनी

सिनेमा की सनसनी कैसे बनीं मेरठ की यासमीन जोसफ

मुंबई। वह मेरठ की गलियों से निकली और अचानक ही सिनेमा की सिरमौर बन गईं। बात हो रही है अपने जमाने की बेहतरीन अदाकारा मंदाकिनी की, जिन्होंने आज ही के दिन इस दुनिया में पहला कदम रखा था। उनकी खूबसूरती की चर्चा आज भी होती है तो उनके बोल्ड सीन अब मिसाल बन चुके हैं। आलम यह रहा कि कभी निशाना साधने वाले उनकी तारीफ में कसीदे पढ़ते-पढ़ते नहीं थके। बस उन पर एक डॉन की नजर क्या पड़ी कि उनके लिए जमाने की नजरें ही बदल गईं. बात हो रही है मेरठ की यासमीन जोसफ यानी मुंबई की मंदाकिनी की, जिन्होंने 30 जुलाई 1963 के दिन मेरठ की सरजमीं पर जन्म लिया था।

ऐसे शुरू हुआ था मंदाकिनी का कॅरियर

मंदाकिनी के करियर के उतार-चढ़ाव से तो हर कोई रूबरू है। सभी जानते हैं कि कैसे उन्होंने राम तेरी गंगा मैली से सिनेमा की दुनिया में पहला कदम रखा कि वह उस जमाने के लिए मिसाल बन गया। आलम यह रहा कि उन्हें उस जमाने में 'बॉलीवुड की सेक्स सायरन' कहा जाने लगा, लेकिन क्या आपको पता है कि सिनेमा में सिरमौर बनने से पहले मंदाकिनी ने काफी संघर्ष भी किया था?

तीन बार रिजेक्ट हुई थीं मंदाकिनी

हुआ यूं था कि मंदाकिनी जब सिनेमा की दुनिया में अपना जलवा कायम करने के इरादे से मुंबई पहुंचीं, तब उन्हें रिजेक्शन का सामना करना पड़ा। शुरुआत में उन्हें तीन बार रिजेक्ट किया गया। उन्हें रिजेक्ट करने वालों में अपनी पहली ही फिल्म से स्टारडम पाने वाले कुमार गौरव तक शामिल थे। हालांकि, मंदाकिनी ने हर मुसीबत को पार करके अपने कदम इतनी मजबूती से जमाए कि वह हर किसी के लिए मिसाल बन गईं।

22 साल की उम्र में दिए थे बोल्ड सीन

साल साल 1985 में रिलीज हुई फिल्म राम तेरी गंगा मैली ही मंदाकिनी की पहली मूवी थी। उस वक्त वह महज 22 साल की थीं। इस फिल्म के डायरेक्टर राज कपूर थे, जो उन्होंने अपने सबसे छोटे बेटे राजीव कपूर के लिए बनाई थी। फिल्म में मंदाकिनी के बोल्ड सीन दिए थे, जिन पर उस जमाने में काफी विवाद भी हुआ था।

सूद कई फिल्मों में लीड हीरो भी बन चुके हैं

कभी विलेन, कभी हीरो तो कभी मसीहा... असली जिंदगी में सबसे बड़े हीरो सोनू

सोनू सूद बॉलीवुड का एक ऐसा नाम है जो असल जिंदगी में भी हीरो है। साउथ की दुनिया ने उन्हें सिनेमा में एंट्री दिलाई तो कोरोना महामारी ने उन्हें रियल लाइफ का हीरो बना दिया। 30 जुलाई के दिन पंजाब के मोगा में जन्मे सोनू सूद आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। आलम यह है कि वह साउथ सिनेमा से लेकर बॉलीवुड और हॉलीवुड में भी नाम कमा चुके हैं। बर्थडे स्पेशल में हम आपको सोनू सूद की जिंदगी के चंद पन्नों से रूबरू करा रहे हैं।

इंजीनियर बनते-बनते रह गए सूद

सोनू मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखते थे। उनके पिता कपड़े की दुकान चलाते थे और वह अपने बेटे को इंजीनियर बनाना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने सोनू को नागपुर भेजा था। इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद सोनू सूद मुंबई पहुंच गए। उस वक्त उनके पास महज 5500 रुपये थे। ऐसे में सोनू को मुंबई में मुकाम बनाने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा।

साउथ की फिल्मों ने दिखाया नया रास्ता

बता दें कि सोनू सूद ने 1996 के दौरान मिस्टर इंडिया कॉम्पिटिशन में हिस्सा लिया था, लेकिन जीत नहीं पाए, इसके बाद वह करीब तीन साल तक संघर्ष करते रहे, जिसके बाद साउथ सिनेमा ने उनके लिए नए रास्ते खोल दिए। साल 1999 में साउथ की फिल्म कालाझगर से बड़े पर्दे पर कदम रखा। वहीं, साल 2002 में शहीद भगत सिंह की जिंदगी पर बनी फिल्म शहीद ए आजम में दमदार किरदार निभाया. इसके बाद उन्हें साउथ की फिल्मों में काम मिलने लगा।

कोरोना काल में बने मसीहा

कोरोना महामारी के जब लोग परेशान थे। अपने-अपने घरों के लिए सड़कों पर भटक रहे थे, उस दौरान सोनू सूद उनके लिए मसीहा बनकर सामने आए। उन्होंने लोगों को उनके घरों तक पहुंचाया। साथ ही, मेडिकल इमरजेंसी में भी काफी मदद की। कोरोना का दौर बीत चुका है, लेकिन सोनू की मदद का सिलसिला आज भी जारी है।

25 साल में कीं इतनी सारी फिल्में

बता दें कि सोनू सूद साउथ के अलावा हिंदी फिल्मों में भी काम कर चुके हैं। सलमान खान की फिल्म दबंग में उन्होंने दमदार विलेन छेदी सिंह का किरदार निभाया था। सिनेमा की दुनिया में सोनू 25 साल से ज्यादा वक्त बिता चुके हैं। इस दौरान उन्होंने 47 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। इनमें हॉलीवुड फिल्म भी शामिल हैं, जिसमें वह जैकी चैन के साथ नजर आए थे। बता दें कि सोनू सूद कई फिल्मों में लीड हीरो भी बन चुके हैं।

Scanned by TapScanner